RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

“खबरों से समझौता नहीं”



पटना, वर्षः 7 , अंकः 170 , रविवार, 02 अगस्त 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी में मखाना बीज उत्पादन पर प्रशिक्षण, वैज्ञानिकों ने किसानों को दी उन्नत... 03


पीएम श्री उच्च विद्यालय जिहुली में मेहंदी प्रतियोगिता, छात्राओं ने दिखाई ... 04

‘करण अर्जुन’ के आइकॉनिक सॉन्ग का नया अवतारः ‘राणाजी 2.0’ में... 07

# पीएम ने आंध्र को दी 18000 करोड़ की सौगात

- कहा-पहले एयरपोर्ट के नाम एक ही परिवार पर थे,हमने परंपरा बदली
- आंध्र में विकास परियोजनाओं की शुरुआत की,भोगपुरम एयरपोर्ट शुरू

**अमरावती (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने शनिवार को आंध्रप्रदेश के अमरावती में कहा, ‘देश में पहले एयरपोर्ट के नाम एक ही परिवार के नाम पर होते थे, लेकिन हमारी सरकार ने इस परंपरा को बदल दिया।’ उन्होंने कहा, ‘हमने अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम बाल्मीकी के नाम से जोड़ा। पंजाब में एयरपोर्ट का नाम संत रविदासजी के नाम पर रखा। इस एयरपोर्ट का नाम श्री अल्लूरी सीताराम राजू के नाम पर रखा है।’ पीएम ने यहां भोगपुरम एयरपोर्ट समेत 18 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम ने दोपहर 3.30 बजे कर्नाटक के मैसूरु में श्री रामकृष्ण आश्रम में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र-विवेक स्मारक का उद्घाटन भी किया। पीएम ने कहा- आज चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के नेतृत्व में एनडीए की पूरी टीम आंध्र प्रदेश के लिए डबल स्पीड से काम कर रही है। आंध्रप्रदेश में करीब 1 लाख करोड़ रुपए की रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। राज्य के पूरे रेल नेटवर्क का इलेक्ट्रिफिकेशन हो चुका है। यहां 70 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है।

- **अल्लूरी सीताराम ने आदिवासियों के लिए काम किया–** मोदी ने कहा कि ये अल्लूरी सीताराम राजू की धरती है। अल्लूरी सीताराम ने जिस धरती पर आदिवासी हितों के लिए अपना जीवन समर्पित किया, आज वहां पर आंध्र प्रदेश के एक नए एयरपोर्ट की शुरुआत हो रही है। ये एयरपोर्ट आंध्र और उत्तर आंध्र की ग्रोथ का रनवे है। ये आंध्र के युवाओं के बेहतर भविष्य का लॉन्चपैड है। आज का दिन आंध्र प्रदेश के विकास के लिए बेहद अहम है। स्वर्ण आंध्र विजन को नई गति मिली है। शुभ अवसर पर उत्तर आंध्र की पवित्र भूमि पर आने का सौभाग्य मिला। भगवान श्री वराहलक्ष्मीनरसिंह स्वामी, श्री कुर्मनाथस्वामी और मां पौंडितल्ली अम्मवारू को नमन। 18 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। इनमें एयरपोर्ट, सड़क और ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं।



### 12 साल में एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 166 हुई

प्रधानमंत्री ने कहा– कुछ दिन पहले ही सरकार ने उड़ान योजना के दूसरे फेज की शुरुआत की है, इस पर भी 29 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पीएम ने कहाकि पिछले 12 साल में देश में 74 से बढ़कर 166 एयरपोर्ट हो गए हैं। कुछ दिन पहले काशी में स्पोक एयरपोर्ट मॉडल का शुभारंभ हुआ। आज वही मॉडल के पंजाब के अमृतसर तक पहुंच गया है। इससे अमृतसर से 25 से ज्यादा डेस्टिनेशन जुड़ जाएंगी। पीएम ने कहा– पहले एयरपोर्ट ने नाम एक ही परिवार के नाम पर होते थे। हमने इस परंपरा को बदला। हमने अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम बाल्मीकी के नाम से जोड़ा। पंजाब में संत रविदासजी के नाम पर रखा, और इस एयरपोर्ट का नाम श्री अल्लूरी के नाम पर।

## संक्षिप्त समाचार

ई 20 फ्यूल का विरोध

### केजरीवाल पीएम आवास तक अब निकालेंगे मार्च

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी ने शनिवार को ई 20 फ्यूल के मुद्दे पर ‘नेशनल टाउन हॉल’ किया। एएपी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वे 3 अगस्त की दोपहर को याचिकाएं इकट्ठा करेंगे। इसके बाद करीब 100 लोगों के साथ 4 अगस्त को लोक कल्याण मार्ग स्थित पीएम नरेंद्र मोदी के आवास तक मार्च का नेतृत्व करेंगे। केजरीवाल ने टाउनहॉल



के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर इथेनॉल फायदेमंद नहीं है, तो इसे बढ़ावा क्यों दिया जा रहा है। सरकार नागरिकों पर इसे क्यों थोप रही है। आज के टाउन हॉल में लोगों ने तीन मांगें रखी। पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों के पास चुनाव करने का विकल्प होना चाहिए,जो लोग ई 20 ईंधन चाहते हैं, वे ई 20 खरीद सकें, और जो लोग शुद्ध पेट्रोल पसंद करते हैं, उनके पास शुद्ध पेट्रोल खरीदने का विकल्प हो। ग्लोबल स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम होने के कारण, पेट्रोल की खुदरा कीमत 84 रुपए प्रति लीटर से कम होनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा इथेनॉल की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। यह पेट्रोल से ज़्यादा महंगा है, कम माइलेज देता है, किसानों को कोई फायदा नहीं पहुंचाता और विदेशी मुद्रा की बचत भी नहीं करता।

### यूक्रेन युद्ध के बीच भारत ने उतारा दोस्त रूस का कर्ज

#### प्रतिबंधों के बीच बना तारणहार भड़क सकता है यूरोप

मास्को/नई दिल्ली/कीव (एजेंसी)। भारत और रूस के बीच दोस्ती सोवियत जमाने से ही दुनिया में एक मिसाल है। साल 1971 का बांग्लादेश युद्ध हो या भारत का परमाणु विस्फोट, रूस भारत के साथ हमेशा खड़ा रहा। आज भी भारत के करीब 65 फीसदी हथियार रूसी मूल के हैं। अब यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूस जंग में बुरी तरह से फंस गया है और लाखों की तादाद में रूसी सैनिक हताहत हुए हैं। रूस के लिए महासंकट की इस घड़ी में भारत ने रूस का पुराना कर्ज एक तरह से उतार दिया है। भारत अमेरिका के 100 फीसदी टैरिफ के



खतरे के बाद भी न केवल रूस से जमकर तेल खरीद रहा है, बल्कि उसे ऐसे 50 हजार बेहद जरूरी सामानों का भी निर्यात कर रहा है जो उसे पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की वजह से नहीं मिल पा रहे हैं। पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक रूस की रक्षा और सुरक्षा कंपनियां भारत के सप्लाई चेन की मदद से हजारों ऐसे सुरक्षा से जुड़े सामानों का आयात कर रही हैं। रिपोर्ट में एक शोध के हवाले से यह भी चेतावनी दी गई है कि भारत और ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ के बीच ट्रेड डील के बाद ऐसे सुरक्षा से जुड़े उपकरणों का रूस को निर्यात बढ़ सकता है।

# पहले नाम पूछा फिर चुन-चुन कर हिंदू मजदूरों को मारा

- जम्मू-कश्मीर के कुलगाम आतंकी हमले में पहलगाम वाला पैटर्न




**श्रीनगर (एजेंसी)।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे पहलगाम जैसा हमला हुआ। आतंकवादियों ने ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे 2 हिंदू मजदूरों को नाम पूछकर गोली मार दी। पुलिस को यह जानकारी मौके पर मौजूद दूसरे मजदूरों ने दी। दोनों मृतक छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। हमले में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरे ने शनिवार सुबह श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मारे गए युवकों की पहचान 24 साल के दीपक रात्रे और 28 साल के भूपेंद्र के रूप में हुई है।

### भट्ठे पर काम करने वाले यही दोनों हिंदू थे

अधिकारियों के अनुसार, हमला कुलगाम से करीब 20 किलोमीटर दूर केलाम में हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उन्होंने 10-12 राउंड फायर की आवाज सुनी। घटना के समय वहां कई प्रवासी मजदूर थे, लेकिन सिर्फ यही दोनों हिंदू थे। इस हमले के बाद घटनास्थल के चारों तरफ करीब दो किलोमीटर का इलाका सील कर दिया गया है। आतंकियों की तलाश की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एक बाइक पर 2 आतंकी आए थे। इनके आतंकी गुट लश्कर के सहयोगी हैं।

### एक आतंकी के पाकिस्तानी होने का शक

सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसियों को हमले में एक स्थानीय और एक पाकिस्तानी आतंकी के शामिल होने का शक है। शुरुआती जांच का फोकस मोहम्मद लतीफ पर है। वह पिछले साल टीआरएफ में शामिल हुआ था। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मृतकों के परिवार को पहले से दिए जा रहे 6 लाख के मुआवजा के अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष से भी 10 लाख की राशि दी जाएगी। बीते दो-तीन साल में कश्मीर के ईंट-भट्ठों पर ऐसे ही आतंकी हमले हुए थे, जिसके बाद पुलिस ने यहां सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया था। इस ईंट भट्ठे पर भी सीसीटीवी कैमरे लगे थे, जिसके फुटेज की पड़ताल की जा रही है।

## पटियाला में चन्नी समर्थकों ने राजा वड़िंग का विरोध किया

- चन्नी लियाओ-कांग्रेस बचाओ के नारे लगाए, हूटिंग भी की

**जालंधर/पटियाला (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस में पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी और प्रदेश प्रधान अमरिंदर राजा वड़िंग के बीच की गुटबाजी अब वर्करों में भी पहुंच गई है। शनिवार को पटियाला के समाना में कार्यक्रम के दौरान चन्नी समर्थकों ने राजा वड़िंग का विरोध कर दिया। उन्होंने वड़िंग की हूटिंग करते हुए चन्नी



के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। यहां राजा वड़िंग ने जैसे ही बोलना शुरू किया तो समर्थकों ने चन्नी के हक में नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने ‘चन्नी लियाओ-पंजाब बचाओ’, चन्नी लियाओ-कांग्रेस बचाओ के नारे लगाए। इससे राजा वड़िंग भड़क गए, उन्होंने पूछा कि क्यों नारे लगा रहे हो। जिसने पार्टी का प्रोग्राम खराब किया, उसके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई होगी।

**चन्नी ने प्रभारी के दौरे का बायकॉट किया–** पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी ने प्रभारी भूपेश बघेल के दौरे का बायकॉट कर रखा है। पंजाब में बूथ मजबूत करने की ये मुहिम प्रधान राजा वड़िंग की अगुआई में चलाई जा रही है। जिस वजह से चन्नी और उनके साथ चल रहे सांसद सुखजिंदर रंधावा भी इस मुहिम से दूर हैं।

जंतर-मंतर प्रोटेस्ट

## पीएम को गाली देने वाली लड़की ने मांग ली माफी

कहा-मैं 15 साल की,मेरी पहली और आखिरी गलती



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जंतर-मंतर पर पीएम मोदी को गाली देने वाली लड़की ने माफी मांगने का वीडियो जारी किया है। उसने कहा, ‘मैं सिर्फ 15 साल की हूं, यह मेरी पहली और आखिरी गलती थी। मैं बहकावे में आ गई थी।’ वीडियो सामने आने के बाद कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने शनिवार को पूछा, ‘क्या सरकार केस भी वापस लेगी। इधर, पीएम मोदी ने शुक्रवार रात इंस्टाग्राम पर रील शेयर की थी। इसमें उन्होंने कहा था, ‘मुझे और मेरी मां को भद्दी-भद्दी गालियां देने वाले बच्चों को माफ करना चाहता हूं।’ सोशल मीडिया पर लड़की हाथ जोड़े खड़ी है।

मोदी रील में बोले-

### भटके बच्चों को माफ करना चाहता हूं



पीएम मोदी ने शुक्रवार रात इंस्टाग्राम पर रील शेयर की। उन्होंने कहा बचपन में गलतियां होती हैं। बचपन की गलतियों को सुधारने का अवसर भी होता है। ये गुमराह बच्चे हैं, इन्हें राह दिखाने का समय है, इन्हें माफ करना चाहता हूं। यह पिछले 9 दिनों में पीएम का 5वां वीडियो है। रात 11 बजे जारी किए गए वीडियो को 30 मिनट में 13 लाख लोगों ने लाइक किया।

## अब बिहार में आफत में रसूखदार मंत्रियों के बेटे

- केदार गुप्ता के बाद मदन सहनी के ‘लाल’ को मिली धमकी

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** बिहार में वीआईपी नेताओं के परिवार पर मंडराते खतरे ने पुलिस महकमे की नींद उड़ा दी है। पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता के बेटे के बाद अब समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी के बेटे को मोबाइल पर मैसेज भेजकर रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला सामने आते ही डीजीपी के निर्देश पर गठित एसआईटी ने मुजफ्फरपुर के मोतीपुर से आरोपी कन्हैया सहनी को गिरफ्तार किया। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी ने कई अन्य लोगों से भी पैसों की उगाही के लिए धमकी भरे मैसेज भेजे थे। पुलिस अब उसके आपराधिक नेटवर्क को खंगाल रही है। एसआईटी ने आरोपी के पास से बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और मोबाइल की जांच शुरू कर दी है। पूछताछ में ये पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपी किसी संगठित आपराधिक गिरोह से जुड़ा है यह जांच हो रही है।

# चढ़ावा चोरी का ‘नाटक’ करने पर राहुल-पप्पू यादव पर एफआईआर




- लखनऊ में हिंदूवादी नेता बोला-पप्पू यादव का सिर लाने वाले को 51 लाख देंगे

**लखनऊ/वाराणसी (एजेंसी)।** दिल्ली में संसद भवन के बाहर राम मंदिर चढ़ावा चोरी के सांकेतिक नाटक को लेकर यूपी में बवाल बढ़ता जा रहा है। शनिवार को लखनऊ, वाराणसी, मथुरा समेत कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन हुआ। वाराणसी में पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु बालक दास की शिकायत पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, सपा सांसद अवधेश प्रसाद और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव पर एफआईआर दर्ज की गई है। लखनऊ में सनातन रक्षा संगठन ने पप्पू यादव की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली। राहुल-अखिलेश के मुखौटे पहने लोगों पर चप्पलें बरसाईं। संगठन ने पप्पू यादव का सिर लाने वाले को 51 लाख देने का ऐलान किया। मथुरा में साधु-संतों ने पप्पू यादव की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की। बता दें कि शुक्रवार को संसद के बाहर पप्पू यादव पुजारी के वेश में दानपेटी लेकर पहुंचे थे। इसमें राहुल गांधी ने चंदा डाला था। इसके बाद चोरी पकड़े जाने का नाटक करते हुए अवधेश प्रसाद समेत कई विपक्षी सांसदों ने सांकेतिक पिटाई कर दी।

## प्रीति के बाद जैस्मिन ने बॉक्सिंग का फाइनल जीता

### कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को 15 मिनट में तीन गोल्ड, अब तक 7 गोल्ड मिले

**ग्लासगो (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने आठवां गोल्ड मेडल जीत लिया है। जैस्मिन लांबोरिया ने विमेंस बॉक्सिंग की 57 केजी कैटेगरी के फाइनल में नॉर्दर्न आयरलैंड की मिकाएला वॉल्स को हराकर गोल्ड जीता। वहीं सोमन राणा ने




भी गोल्ड पर कब्जा जमाया। इससे पहले विमेंस बॉक्सिंग के 54 केजी वर्ग में प्रीति पवार ने कनाडा की सवाना डोलमागो को हराकर गोल्ड अपने नाम किया था। इसके साथ ही भारत के 8 गोल्ड सहित कुल 28 मेडल हो गए हैं।

- **ट्रिपल जंप में भारत के दो और मेडल–** भारत ने पुरुष ट्रिपल जंप में दो और मेडल जीत लिए हैं। प्रवीण चित्रावेल ने 16.58 मीटर के जंप अटैम्प्ट के साथ सिल्वर अपने नाम किया। वहीं, भारत के ही सेल्वा प्रभु ने 16.52 के बेस्ट अटैम्प्ट के साथ ब्रॉन्ज जीता। इस इवेंट का गोल्ड जाम्बिया के जॉर्डन स्कॉट ने जीता। उनका बेस्ट अटैम्प्ट 16.72 मीटर का रहा।
- **प्रीति पेरिस ओलिंपिक में हिस्सा ले चुकीं–** हरियाणा की बॉक्सर प्रीति ने 2022 एशियन चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज और 2023 एशियन गेम्स में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता। प्रीति 2024 पेरिस ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

# संदिग्ध आतंकी की दोस्त साहिबगंज से गिरफ्तार

### हनीट्रैप के जरिए संवेदनशील जानकारी जुटाने का आरोप



**साहिबगंज (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने संदिग्ध जैश-ए-मोहम्मद संगठन के आतंकी हमीम मंडल की गिरफ्तारी के बाद झारखंड के साहिबगंज जिले के बरहरवा थाना क्षेत्र से 21 वर्षीय अर्पिता सरकार को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ का दावा है कि अर्पिता हमीम मंडल के संपर्क में। अर्पिता की भूमिका की जांच एक संदिग्ध आतंकी मॉड्यूल के संदर्भ में की जा रही है।

- **हनीट्रैप के लिए अर्पिता का इस्तेमाल–** जांच एजेंसी का आरोप है कि अर्पिता का इस्तेमाल कथित तौर पर प्रभावशाली लोगों से संपर्कस्थापित करने, हनीट्रैप के जरिए संवेदनशील जानकारियां जुटाने और सोशल मीडिया के माध्यम से नए लोगों को जोड़ने के लिए किया जाता था। हालांकि, इन सभी आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है और मामले की जांच जारी है। एसटीएफ यह भी जांच कर रही है कि क्या इस नेटवर्क के तार पाकिस्तान स्थित हैंडलरों, कथित विदेशी फंडिंग और अन्य संदिग्ध संगठनों से जुड़े थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रास्ता विवाद में बुजुर्ग की आंख में गोली मारकर हत्या, गांव में तनाव का माहौल

**हाजीपुर**। वैशाली के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र की राघोपुर पूर्वी पंचायत में रास्ते के विवाद में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना शनिवार सुबह हुई। मृतक की पहचान हरबंसू राय के रूप में हुई है। इस हत्याकांड के बाद गांव में तनाव का माहौल है। जुड़ावनपुर और राघोपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक हरबंसू राय और उनके पड़ोसी श्याम नंदन राय के बीच रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। श्याम नंदन राय पर रास्ते पर घर बनाने का आरोप है, जबकि हरबंसू राय ने उसे पिलर से घेर दिया था। इसी मुद्दे पर दोनों पक्षों में अक्सर विवाद होता था। शनिवार सुबह एक बार फिर इसी मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। बहस के दौरान कुछ अज्ञात हमलावरों ने हरबंसू राय को आंख में गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली मारने का आरोप स्थानीय श्याम नंदन राय, राजा राम राय और करू राय पर लगाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों को शांत करने का प्रयास कर रही है। एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### जिला परिषद कार्यालय के पास पति-पत्नी का हाई वोल्टेज ड्रामा, हसबैंड ने साथ रहने से किया इनकार

**हाजीपुर**। वैशाली के हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र स्थित समाहरणालय परिसर में शुक्रवार को पति-पत्नी के बीच सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यह घटना जिला परिषद कार्यालय के निकट हुई, जिसके कारण मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू की। कुछ देर तक चले इस हंगामे के बाद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को शांत कराया। सूत्रों के अनुसार, करीब एक साल पहले शादी के बाद पति अपनी पत्नी के साथ नहीं रहना चाहता था। वह अपने पैतृक घर से दूर हाजीपुर में रह रहा था। इसी बात को लेकर पत्नी और उसके परिजन परेशान थे। शुक्रवार को पत्नी अपने ससुर के साथ हाजीपुर पहुंची। उन्होंने पति से पूछताछ शुरू की, जिसके बाद पत्नी ने उसे पकड़कर सबके सामने सवाल-जवाब किए। इस दौरान पति और उसके पिता ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए, जबकि पत्नी ने पति पर कई गंभीर आरोप लगाए। पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में पति-पत्नी का यह ड्रामा जिला परिषद कार्यालय के सामने साफ तौर पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है, जिसे लेकर इंटरनेट मीडिया पर विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### वैशाली पुलिस ने पीएसएमएस पोर्टल का ट्रेनिंग दिया, पुलिस वर्क स्टाइल को मॉडर्न बनाने की दिशा में पहल

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने अपनी कार्यप्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक-आधारित बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक वैशाली के निर्देश पर, पुलिस उपाधीक्षक (स्पेशल क्राइम सह साइबर क्राइम) चांदनी सुमन की अध्यक्षता में PSMS (पुलिस स्टेशन मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल के सफल क्रियान्वयन हेतु एक मास्टर ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी थानों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। उन्हें PSMS पोर्टल के प्रभावी संचालन, थाना स्तर पर इसके नियमित उपयोग और अनुसंधान, शिकायत, कार्रवाई, केस डायरी सहित सभी पुलिस कार्यों की समयबद्ध ऑनलाइन प्रविष्टि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, ताकि वे अपने थानों में इसका सुचारु उपयोग सुनिश्चित कर सकें। प्रशिक्षण में डेटा एंट्री की सही प्रक्रिया, रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन निगरानी और लंबित मामलों के समय पर निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। इसका उद्देश्य पुलिस कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाना है। अधिकारियों को बताया गया कि डिजिटल रिकॉर्ड से मामलों की निगरानी आसान होगी, जवाबदेही बढ़ेगी और आम जनता को त्वरित तथा बेहतर पुलिस सेवा मिल सकेगी। पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती चांदनी सुमन ने सभी थाना प्रभारियों और पदाधिकारियों को PSMS पोर्टल का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक कार्रवाई को समय पर ऑनलाइन अपडेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोर्टल का प्रभावी संचालन पुलिस विभाग में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही को मजबूत करेगा। वैशाली पुलिस का मानना है कि PSMS पोर्टल के पूर्ण क्रियान्वयन से थानों के कार्यों का डिजिटल रिकॉर्ड व्यवस्थित होगा। इससे अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार आएगा और उच्च अधिकारी मामलों की ऑनलाइन समीक्षा तथा निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से कर पाएंगे। यह पहल पुलिस प्रशासन की कार्यशैली को आधुनिक और जनोन्मुखी बनाएगी।



### महुआ में 162.75 ग्राम हेरोइन के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने महुआ थाना क्षेत्र से दो अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 162.75 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद की गई है। यह कार्रवाई जिले में अवैध मादक पदार्थों पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन नीलकंठ' के तहत की गई। पुलिस को बिहार एसटीएफ से 31 जुलाई 2026 को गुप्त सूचना मिली थी। इसमें बताया गया था कि सिलीगुड़ी से आ रही एक बस से दो तस्कर अपने बैग में मादक पदार्थ छिपाकर ला रहे हैं। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महुआ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजीव कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने समस्तीपुर-महुआ रोड पर सिलीगुड़ी से आने वाली बस से उतरते समय दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान अमित कुमार (पिता विष्णु प्रसाद सिंह, निवासी खिलवत, थाना बिदुपुर, जिला वैशाली) और रोमा कुमारी (पति राजकुमार, निवासी दाउदनगर, थाना बिदुपुर, जिला वैशाली) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से 162.75 ग्राम हेरोइन/स्मैक के साथ दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। महुआ थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### नाई ने बाल काटने के दौरान युवक को उस्तरा मारा

**हाजीपुर**। हाजीपुर के बेलसर थाना क्षेत्र के हजपुरा गांव में शुक्रवार देर शाम बाल कटवाने पहुंचे एक युवक पर नाई ने असतुरा से हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल युवक की पहचान स्थानीय रमेश सिंह के 18 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। अभिषेक ने बताया कि वह शुक्रवार देर शाम हजपुरा चौक स्थित नाई की दुकान में बाल कटवाने गया था। वहां एक व्यक्ति पहले से बाल कटवा रहा था। जब अभिषेक ने नाई से अपने बाल काटने को कहा, तो नाई उससे झगड़ा करने लगा। अभिषेक बगल वाली कुर्सी पर बैठ गया, जिसके बाद गुस्से में आकर नाई ने उस्तरा से हमला कर दिया। हमले में अभिषेक की बाईं कनपटी के पास गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर बेलसर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अभिषेक को लालगंज रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया था, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रण में किया। इस संबंध में सदर एसडीपीओ टू लालगंज गोपाल मंडल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बेलसर थाना अंतर्गत हजपुरा चौक पर नाई की दुकान में बाल काटते समय एक युवक उस्तरा लगने से घायल हो गया है।

# अज्ञात गाड़ी ने 2 भाईयों को रौंदा इलाज के दौरान एक की मौत

## डॉक्टरों पर गलत ब्लड चढ़ाने का आरोप, परिजनों ने काटा बवाल

एजेंसी, पटना

पटना में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह सड़क हादसा रानीतालाब थाना क्षेत्र के सैदाबाद गोना स्कूल के रास्ते में हुई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि कंकड़बाग स्थित एक निजी अस्पताल में गलत ब्लड चढ़ाने के कारण बच्चे की जान चली गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर कंकड़बाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराया। मृतक बच्चा हैबसपुर का रहने वाला है। पिता खेती-बाड़ी करते हैं। इस घटना के बाद से पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। माता-पिता सदमे में हैं।



**स्कूल जाते समय हुआ था हादसा**: जानकारी के मुताबिक, 27 जुलाई की सुबह रानीतालाब थाना क्षेत्र के हैबसपुर निवासी दो सगे भाई स्कूल पढ़ने जा रहे थे। इसी दौरान सैदाबाद गोना स्कूल के पास किसी अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को पहले AIIMS पटना में भर्ती कराया गया। परिजनों के मुताबिक, एक दिन इलाज के बाद बेड उपलब्ध नहीं होने के कारण दोनों बच्चों को PMCH रेफर कर दिया गया। तब तक बच्चों का कंडीशन ठीक था।

**बच्चे को गलत ब्लड चढ़ाने से हुई मौत- परिजन**: मृतक के पिता ने बताया कि PMCH में उनकी मुलाकात सौरभ नाम के एक दलाल से हुई, जिसने बेहतर इलाज का भरोसा देकर दोनों बच्चों को कंकड़बाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में इलाज के दौरान एक बच्चे को गलत ब्लड चढ़ाया गया, जिसके बाद उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। 31 जुलाई की देर रात उसकी मौत हो गई। वहीं, दूसरा बच्चा अभी भी ICU में भर्ती है और उसका इलाज जारी है।

**मौत के बाद अस्पताल में हंगामा**: बच्चे की मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे के दौरान अस्पताल के कर्मी और डॉक्टर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर कंकड़बाग थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

**अस्पताल के खिलाफ शिकायत दर्ज**: परिजनों ने निजी अस्पताल के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए PMCH भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


# 2 स्कूली बच्चियों को जबरन ई-रिक्शा में बैठाने की कोशिश

एजेंसी, पटना

पटना में शनिवार को दो स्कूली छात्राएं स्कूल से छुट्टी के बाद घर जा रही थी। इसी दौरान एक ई-रिक्शा ड्राइवर ने उनका हाथ पकड़ लिया। उस आरोप है कि बच्चियों को वो अपनी ई-रिक्शा में जबरन बैठाना चाहता था, पर बच्चियों ने शोर मचाया शुरू कर दिया।

शोर सुनकर थोड़ी दूर में खड़ी ट्रैफिक पुलिस दौड़कर बच्चियों के पास पहुंची। पुलिस ने ई-रिक्शा ड्राइवर को पकड़ लिया और बच्चियों को सुरक्षित कर लिया। घटना दीघा थाना क्षेत्र की है। जहां पुलिस आरोपी ड्राइवर से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में स्कूली बच्चियों ने कहा कि ई-रिक्शा वाले अंकल हमें ले जा रहे थे। हम इन्हें नहीं जानते हैं।

**बच्चियों के परिजन को बुलाया**: प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बच्चियां काफी डरी-सहमी थीं। जब पुलिस वालों ने उनसे बात की तो सारी बातें उन्होंने पुलिस को बताई। बच्चियों के पास स्कूल का आईडी कार्ड भी था। जिसमें घर का पता और परिजन का मोबाइल नंबर दिया हुआ था। उसी नंबर पर कॉल कर



**◆ छात्राओं के शोर पर ट्रैफिक पुलिस ने ड्राइवर को पकड़ा, बच्ची बोली- मुझे अंकल ले जा रहे थे**

पुलिस ने बच्चियों की मां को मौके पर बुलाया। पुलिस आरोपी चालक से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि बच्चियों को जबरन ऑटो में बैठाने के पीछे उसका उद्देश्य क्या था। मामले की जांच जारी है।

दीघा थानेदार अविनाश कुमार ने बताया कि अपहरण का मामला नहीं है। मिस कम्यूनिकेशन होने की वजह से ऐसा हो गया। दोनों बच्चियां सुरक्षित हैं।

# दहेज हत्या का आरोपी पति तीन साल बाद गिरफ्तार

एजेंसी, पटना

पटना पुलिस ने द मर्हेज हत्या के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन साल से फरार चल रहे मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। नेउरा थाना पुलिस ने शुक्रवार देर शाम आरोपी अजय कुमार यादव को उसके घर से दबोच लिया। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में भी जुटी है।

**दहेज की मांग को लेकर हत्या का मामला**: पुलिस के मुताबिक, यह मामला दिसंबर 2023 का है। बेला गांव निवासी प्रतिमा देवी की कथित तौर पर दहेज की मांग को लेकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद ससुराल पक्ष शव का अंतिम संस्कार करने ले जा रहा था। इसी दौरान मृतका के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए




भेजा, लेकिन आरोपी फरार हो गए थे। मृतका के परिजनों की शिकायत पर नेउरा थाना में पति अजय कुमार यादव और अन्य ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

**गुप्त सूचना पर हुई गिरफ्तारी**: पुलिस को शुक्रवार देर रात सूचना मिली कि आरोपी अजय कुमार यादव अपने घर आया हुआ है। सूचना के आधार पर नेउरा थाना पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# 'बांकीपुर उपचुनाव के दौरान दुपट्टा खींचा, गालियां दीं'

एजेंसी, पटना

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव की वोटिंग दौरान जनसुराज और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच विवाद का मामला सामने आया है। जनसुराज संघर्ष वाहिनी की उपाध्यक्ष खुशबू पाठक ने बीजेपी नेताओं पर मारपीट, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इसे लेकर खुशबू पाठक ने पटना के एसके पुरी थाने में आवेदन देकर भाजपा के राजीव नगर मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार और उनके साथ मौजूद करीब 30 कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

आवेदन में दुपट्टा खींचकर छेड़खानी, अभद्रता करने, मारपीट, बलवा (दंगा), जान से मारने की धमकी देने और राजनीतिक संरक्षण का भय दिखाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस घटना के खिलाफ शुक्रवार को महिला नेत्री के साथ जनसुराज कार्यकर्ताओं



ने एएन कॉलेज के मेन पर बीजेपी के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**AN कॉलेज के मेन गेट के पास हुई घटना**: पुलिस को दी शिकायत में खुशबू पाठक ने बताया कि 30 जुलाई 2026 को बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान शाम करीब 5 बजे मैं एएन कॉलेज के मुख्य द्वार के पास मौजूद थी। इसी दौरान भाजपा के राजीव नगर मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार अपने लगभग 30 समर्थकों के साथ वहां पहुंचे। सभी लोगों ने मुझे चारों ओर से घेर लिया और बिना किसी कारण गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार शुरू

**❒ खुद को नितिन नवीन का आदमी बताया**

कर दिया। मुझे धक्का दिया गया, पकड़कर खींचा गया और थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की गई। बचाव करने की कोशिश करने पर सभी लगातार धक्का-मुक्की करने लगे।

मारपीट के दौरान मेरा दुपट्टा जबरन खींच लिया गया, जिससे मुझे सार्वजनिक रूप से अपमानित और लज्जित होना पड़ा। एक महिला होने के नाते इस घटना से मेरी गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंची है। घटना के दौरान जान से मार देंगे कहकर धमकाया। लगभग 30 की संख्या में आए लोगों ने मुझे घेर लिया। अगर मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव नहीं किया होता तो मेरे साथ कोई गंभीर या जानलेवा घटना हो सकती थी।

आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के दौरान अशोक कुमार और उनके साथ मौजूद लोग बार-बार यह कहते रहे कि "हमारे ऊपर नितिन नवीन का हाथ है" और "मैं नीरज सिन्हा का आदमी हूं।" खुशबू पाठक का आरोप है कि इन बातों के जरिए उन्हें डराने-धमकाने और यह जताने की कोशिश की गई कि आरोपितों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। इसलिए उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। खुशबू पाठक ने अपने आवेदन में मांग किया है कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि अगर जांच के दौरान नितिन नवीन या नीरज सिन्हा की किसी प्रकार की संलिप्तता, उकसावे या सहभागिता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। खुशबू ने पुलिस को बताया है कि पूरी घटना का वीडियो एक पेन ड्राइव में है, जिसे आवेदन के साथ संलग्न किया गया है। उन्होंने एएन कॉलेज और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को तत्काल सुरक्षित रखने की मांग की है।

# पेपर लीक प्रदर्शन की जांच करेगी कांग्रेस, फैक्ट-फाइंडिंग पैनल गठित, 6 जिलों का करेगी दौरा

एजेंसी, पटना

बीते दिनों दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन की आंच बिहार में भी देखने को मिली थी। पेपर लीक को लेकर पूरे बिहार में छात्रों ने प्रदर्शन किया था। इस दौरान कई छात्रों को डिटेन कर जेल भेजा गया, पुलिस ने गोलियां भी चलाई थी, कई प्रदर्शनकारी घायल भी हुए थे। इस पूरे घटना की जांच को लेकर कांग्रेस ने फैक्ट-फाइंडिंग पैनल बनाई है। यह पैनल 6 जिले- जहानाबाद, भागलपुर, पूर्णिया, पटना, सीवान और दरभंगा के लिए बनाई गई है। आलाकमान ने टीम को दो दिनों तक इन जिलों में रहकर तथ्य जुटाने को कहा है। 1 और 2 अगस्त को सभी नेता जिले का दौरा करेंगे।

**कानूनी रिकॉर्ड, फोटो-वीडियो भी मांग गया**: सभी जिलों का दौरा पूरा करने के बाद हर फैक्ट-फाइंडिंग टीम जिलेवार एक संक्षिप्त



रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसमें घटनाओं का विस्तार से डिटेल होगा। इसमें घटनाओं का क्रम, प्रभावित छात्रों और युवाओं के अनुभव, गिरफ़्तारी, हिरासत और आपराधिक मामलों का विवरण, पुलिस की ज्यादतियों के मामले, संबंधित मेडिकल और कानूनी रिकॉर्ड, फोटो-वीडियो और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान होगा। साथ ही टीम के निष्कर्ष और सुझाव शामिल होंगे।

**टना और दिल्ली में होगी एक बड़ी प्रेस कांफ्रेंस**: इसके बाद छह ज़िलों की रिपोर्ट को मिलाकर एक व्यापक बिहार फैक्ट-फाइंडिंग रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस संयुक्त रिपोर्ट को पटना और नई दिल्ली में बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस के ज़रिए जारी किया

**❒ छात्र आंदोलन में पुलिसिया कार्रवाई के सबूत जुटाकर बनाएगी रिपोर्ट**

जाएगा। कांग्रेस के मुताबिक, इस प्रक्रिया का मकसद छात्रों और उनके परिवारों की बात सुनना, असल में क्या हुआ था उसका रिकॉर्ड रखना और यह पक्का करना है कि पुलिस की बर्बरता, डराने-धमकाने या परेशान करने का कोई भी मामला अनसुना न रह जाए।

**'यह सरकार छात्रों की सरकार नहीं'**: कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी पटना पहुंचे हैं। यहां से वह सीवान जाएंगे। उन्होंने कहा, यह सरकार छात्रों की सरकार नहीं है। इस सरकार को देश के छात्रों से कोई प्यार नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने फैक्ट फाइंडिंग टीम बनाई है और अलग-अलग जिलों में नेताओं को भेजा है।

# बाढ़ में पुरानी पीसीसी सड़क पर नई ढलाई का विरोध

एजेंसी, पटना

पटना के बख्तियारपुर प्रखंड में फोरलेन से एसएच-106 तक बन रही पीसीसी सड़क को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने ग्रामीण कार्य विभाग और निर्माण एजेंसी पर पुरानी सड़क को तोड़े बिना नई ढलाई करने सहित हाईकोर्ट के निर्देशों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले से बनी पीसीसी सड़क की परत को हटाए बिना उसके ऊपर नई कंक्रीट ढलाई की जा रही है। इससे सड़क की ऊंचाई बढ़ गई है और आसपास के घरों के सामने बारिश का पानी जमा होने की आशंका पैदा हो गई है।

स्थानीय निवासी संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने निर्माण कार्य को लेकर संबंधित इंजीनियर से शिकायत की थी। उनके अनुसार, जूनियर इंजीनियर ने जवाब दिया कि स्वीकृत एस्टीमेट के अनुसार




**◆ ग्रामीणों का हाईकोर्ट के आदेश के उल्लंघन का आरोप**

पुरानी ढलाई के ऊपर ही नई ढलाई की जानी है। संजय सिंह का दावा है कि हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुसार पुरानी ढलाई को तोड़कर उसका मलबा हटाने के बाद ही नई सड़क बनाई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से नियमों की अनदेखी की जा रही है। साथ ही निर्माण में इस्तेमाल हो रही गिट्टी की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए।

# गोपालगंज-शेखपुरा में तेज बारिश, 16 जिलों में अलर्ट

एजेंसी, पटना

गोपालगंज और शेखपुरा में दोपहरा बाद तेज बारिश हुई है। बिहार में मानसून एक्टिव है। इससे प्रदेश के अधिकतर जिलों में हल्की और तेज बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज यानी शनिवार को 16 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। इसके साथ ही 40kmph की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। इधर, समस्तीपुर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। राज्य के बाकी जिलों में मौसम सामान्य रहेगा। इन जिलों में धूप-छांव का सिलसिला जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 7 अगस्त तक मौसम के सुहावना बने रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे में पटना, बेतिया, नालंदा, रक्सौल, सासाराम आदि जिलों में बारिश हुई। हालांकि, अब



भी राज्य में सामान्य से 42 प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, बिहार में फिलहाल मानसूनी सिस्टम पूरी तरह कमजोर नहीं पड़ा है। हवा में नमी की मात्रा अधिक है और स्थानीय स्तर पर लगातार बादल बन रहे हैं। यही कारण है कि राज्य के अलग-अलग हिस्सों में रोजाना कहीं बारिश तो कहीं केवल गरज-चमक और तेज हवा जैसी गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। अगले कुछ दिनों तक मौसम का यही मिजाज बना रहेगा। राजधानी में आज बादल छाए रहेंगे। कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगा।

# बिहार में हड़ताल पर 42 हजार सफाई कर्मचारी

एजेंसी, पटना

बिहार में नगर निकायों में काम करने वाले सफाईकर्मियों और ड्राइवर्स की हड़ताल का आज तीसरा दिन है। इस हड़ताल में करीब 42 हजार सफाई कर्मचारी और ड्राईवर्स शामिल हैं। हड़ताल की वजह से गली-मोहल्लों में कचरा पड़ा हुआ है। बदबू से लोगों का हाल बेहाल है। कचरा फैलने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। दरभंगा नगर पंचायत ऑफिस भरवाड़ा में कार्यपालक पदाधिकारी की मौजूदगी में सफाई कर्मचारियों ने कूड़ा, सड़ी हुई मछलियां लाकर फेंक दी। इधर, समस्तीपुर में हड़तालियों ने निगम कार्यालय के बाहर धरना दिया। वहीं मुंगेर में अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने झाड़ू के साथ प्रदर्शन किया।

पटना नगर निगम में 5 हजार कर्मचारी हड़ताल में शामिल हैं। शहर का कचरा उठाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई है, लेकिन हड़ताल में शामिल कर्मचारी उन कर्मचारियों को कचरा उठाने से रोक रहे हैं। निगम आयुक्त ने काम में बाधा डालने वालों पर FIR दर्ज करने के आदेश दिए हैं। पटना में कई जगहों पर पुलिस की मौजूदगी में कचरा उठाया गया। विरोध का



सामना ना करना पड़े, इसलिए रात में कचरा उठाया जा रहा है। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने सभी सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि हर वार्ड में काम कर रहे सफाईकर्मियों के अतिरिक्त 15 से 20 सहयोगियों की टीम तैयार कर काम कराएं। उन्होंने काम में बाधा डालने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ FIR दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने निर्धारित अंचलों में लगातार निगरानी रखते हुए रात में विशेष सफाई अभियान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस की निगरानी में कचरे का उठाव किया जाएगा।

**बायोमेट्रिक और मैनुअल अटेंडेंस जरूरी**: सभी सफाई निरीक्षकों और पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी निगरानी में सभी स्थायी, दैनिक और आउटसोर्सिंग एजेंसी के सफाई कर्मियों की बायोमेट्रिक और मैनुअल उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उपस्थिति की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा बिना अनुमति अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**❒ दरभंगा- अफसर के सामने कर्मचारियों ने ऑफिस में फेंका कचरा, समस्तीपुर-मुंगेर में झाड़ू के साथ प्रदर्शन**

**सफाई कर्मियों से काम पर लौटने की अपील**: नगर आयुक्त ने सभी सफाई कर्मियों से कार्य पर लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पटना नगर निगम ने सफाई कर्मियों के यूनियन की सभी मांगें, जो निगम के अधिकार क्षेत्र में थीं, पहले ही मान ली है। इसके अलावा बाकी मांगों को भी भेजा गया है। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए तत्काल अपने काम पर लौटें, ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

## पीएम सूर्य घर योजना को मिली रफ्तार, मोतिहारी में तीन दिवसीय सोलर सह लोन मेले का शुभारंभ




बीएनएम@ मोतिहारी

प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के तहत नगर भवन (टाउन हॉल), मोतिहारी में शुक्रवार को तीन दिवसीय सोलर सह सोलर लोन मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, नगर आयुक्त आशीष कुमार, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार एवं सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा ने संयुक्त रूप से किया। यह मेला एक से तीन अगस्त तक चलेगा। उद्घाटन के पहले दिन करीब 300 उपभोक्ताओं एवं आमजनों ने मेले में भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत एक किलोवाट सौर संयंत्र पर 30 हजार रुपये, दो किलोवाट पर 60 हजार रुपये तथा तीन किलोवाट एवं उससे अधिक क्षमता के संयंत्र पर अधिकतम 78 हजार रुपये तक की केंद्रीय सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने पात्र उपभोक्ताओं से योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं एनबीपीडीसीएल के अधिकारियों से संपर्क कर शीघ्र आवेदन करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सोलर संयंत्र लगने से बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी और उपभोक्ताओं को दीर्घकालीन राहत मिलेगी। अधीक्षण अभियंता (विद्युत) ने विभागीय अधिकारियों को अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कराने तथा बैंकों के समन्वय से शीघ्र ऋण स्वीकृत कराने का निर्देश दिया, ताकि लाभुकों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। मेले में अधिकृत सोलर वेंडर्स ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर उपभोक्ताओं को सोलर संयंत्र की तकनीकी जानकारी, लागत, सब्सिडी, स्थापना प्रक्रिया एवं आवेदन संबंधी सहायता उपलब्ध कराई। वहीं, बैंक प्रतिनिधियों ने मौके पर ही ऋण आवेदन एवं स्वीकृति प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली एजेंसी सिमर पावर को सम्मानित किया गया। साथ ही ऋण स्वीकृति प्रक्रिया में सराहनीय सहयोग के लिए भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक एवं एसबीआई छतौनी शाखा प्रबंधक को भी सम्मानित किया गया। योजना के लाभुक उपभोक्ताओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक लाभुक को दो लाख रुपये के ऋण स्वीकृति का चेक भी प्रदान किया गया। मेले में पहुंचे लोगों ने विभिन्न सोलर कंपनियों के स्टॉल पर जाकर सौर संयंत्र की क्षमता, लागत, सब्सिडी और बिजली बिल में संभावित बचत की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक सहित अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रतिनिधि, विद्युत कार्यपालक अभियंता रक्सौल अजय कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता चकिया संतोष कुमार सहित विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विद्युत कार्यपालक अभियंता मोतिहारी पी.के. सुमन ने किया।अंत में जिलाधिकारी ने जिले के पात्र उपभोक्ताओं से अपील की कि वे तीन दिवसीय मेले में पहुंचकर योजना की जानकारी प्राप्त करें तथा अपने घरों पर सौर संयंत्र स्थापित कर बिजली बिल में बचत के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दें।

# कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी में मखाना बीज उत्पादन पर प्रशिक्षण, वैज्ञानिकों ने किसानों को दी उन्नत तकनीकों की जानकारी

बीएनएम@ मोतिहारी




कृषि विज्ञान केंद्र, परसौनी में शनिवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा द्वारा संचालित मखाना अनुसंधान एवं विकास का उन्नत केंद्र परियोजना के तहत मखाना बीज उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अभय कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर मखाना परियोजना की मुख्य अन्वेषक डॉ. पुष्पा सिंह ने पूसा से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर किसानों को मखाना के विकास, संभावनाओं और भविष्य की दिशा पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों एवं किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सदस्यों को मखाना बीज उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकों, इसकी आर्थिक उपयोगिता तथा बदलते जलवायु परिदृश्य में इसकी बढ़ती संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत संबोधन करते हुए मृदा विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. आशीष राय ने कहा कि जलभराव एवं निचली भूमि वाले क्षेत्रों में मखाना की खेती किसानों के लिए लाभकारी विकल्प बन सकती है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक खेती एवं गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन तकनीक अपनाने की अपील की। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. अभय कुमार सिंह ने कहा कि मखाना एक पौष्टिक एवं उच्च मूल्य वाली फसल है, जिसकी मांग देश और विदेश में लगातार बढ़ रही है। उन्होंने किसानों को तालाबों, पोखरों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों का उपयोग कर मखाना की खेती से अतिरिक्त आय अर्जित करने की सलाह दी। मुख्य वक्ता के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र, जाले (दरभंगा) के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. दिब्यांशु शेखर ने वर्चुअल माध्यम से किसानों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन के दौर में मखाना एक संभावनाशील एवं लाभकारी फसल बनकर उभर रही है। उन्होंने बीज चयन, रोपण विधि, पोषक तत्व प्रबंधन, रोग एवं कीट नियंत्रण तथा अधिक उत्पादन के लिए विकसित वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों को अपनाकर पूर्वी चंपारण के किसान भी मखाना उत्पादन से बेहतर आय प्राप्त कर सकते हैं। कृषि अभियंत्रण विशेषज्ञ डॉ. अंशू गंगवार ने मखाना प्रसंस्करण में उपयोग होने वाली आधुनिक मशीनों, प्रसंस्करण तकनीकों, पैकेजिंग एवं मूल्य संवर्धन की संभावनाओं पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मखाना उत्पादन के साथ-साथ प्रसंस्करण एवं विपणन से भी किसानों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर सृजित हो सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के सभी कर्मी उपस्थित रहे। इसमें लगभग 100 किसानों एवं किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सदस्यों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए पूर्वी चंपारण में मखाना की वैज्ञानिक खेती एवं बीज उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

## धर्म समाज चौक–मठिया एनएच नाला व सम्राट अशोक भवन का डीएम ने किया निरीक्षण, समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने का निर्देश



बीएनएम@ मोतिहारी

जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं नगर आयुक्त आशीष कुमार ने शुक्रवार को धर्म समाज चौक से मठिया एनएच रोड तक निर्माणाधीन नाला तथा सम्राट अशोक भवन का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व कार्यकारी एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता नगर विकास प्रमंडल श्री पंकज कुमार गौरव, सहायक अभियंता विश्वजीत कुमार तथा कनीय अभियंता कुंदन कुमार एवं नितेश कुमार उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक/कार्यकारी एजेंसी को निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर तथा उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बरसात का मौसम है, इसलिए कार्यों में और तेजी लाकर आम जनता की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।

# 15 अगस्त पर जिले के सभी स्कूलों में होगा 'तिथि भोज', शिक्षा समिति की बैठक में कई अहम फैसले

बीएनएम@ मोतिहारी



शहर के जिला परिषदीय महात्मा गांधी सभा भवन में शनिवार को जिला परिषद् की शिक्षा समिति की बैठक अध्यक्ष ईश्वरचंद्र मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर जिले के सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के तहत 'तिथि भोज' आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही भविष्य में महापुरुषों की जयंती पर भी इस तरह के आयोजन कराने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में निजी विद्यालयों में कमजोर वर्ग के बच्चों के निःशुल्क नामांकन की समीक्षा की गई। लक्ष्य 1362 के विरुद्ध 1206 नामांकन होने पर समिति ने संतोष व्यक्त किया, वहीं अगले शैक्षणिक सत्र में उपलब्ध 4146 सीटों पर अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार चलाने का निर्देश दिया गया। शिक्षकों की समानुपातिक तैनाती की समीक्षा के दौरान राजकीय मध्य विद्यालय, जमला के सभी शिक्षकों का एक साथ ऑनलाइन स्थानांतरण होने का मामला सामने आया। समिति ने इसे विभागीय खामी बताते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कई विद्यालयों में नए किचन शेड निर्माण एवं पुराने किचन शेड की मरम्मत की आवश्यकता बताई। इस पर अध्यक्ष ने जिला परिषद् के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी से वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। समीक्षा के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि जिले के 159 विद्यालय भूमि के अभाव से जूझ रहे हैं। अध्यक्ष ने ऐसे विद्यालयों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर भी प्रयास करने का भरोसा दिलाया। वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के आधारभूत ढांचे के विकास की समीक्षा के दौरान BSEIDC अभियंताओं द्वारा परियोजनाओं की सूची उपलब्ध नहीं कराए जाने पर समिति ने कड़ी नाराजगी जताई। गहन समीक्षा में अभियंताओं के पास भौतिक एवं वित्तीय आंकड़ों का अभाव पाए जाने पर सदन ने प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितता मानते हुए मामले की जांच लोकायुक्त से कराने तथा सरकार को अवगत कराने का सर्वसम्मत निर्णय लिया। साथ ही दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक एवं न्यायिक कार्रवाई की अनुशंसा करने का भी फैसला लिया गया। बैठक में सदस्य मो. नशीम अख्तर, सुमन वर्मा, शाहजहां खातून, तेजनारायण प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी तथा कार्यपालक, सहायक एवं कनीय अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोतिहारी में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न



बीएनएम@ मोतिहारी

बिहार शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में जिला स्कूल, मोतिहारी में शनिवार को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए स्तरानुसार शिक्षण पद्धति अपनाते हुए पढ़ाई को अधिक प्रभावी बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम की रूपरेखा, स्तरानुसार शिक्षण पद्धति, गतिविधि आधारित शिक्षण, अधिगम मूल्यांकन, विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम के प्रभावी संचालन तथा शैक्षणिक सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला स्तरीय नोडल शिक्षक रमेश कुमार एवं कमलेश कुमार सिंह उपस्थित रहे, जबकि नागेंद्र प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रशिक्षण का संचालन प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के जिला समन्वयक रंजीत झा ने किया। उन्होंने स्तरानुसार शिक्षण पद्धति, गतिविधि आधारित शिक्षण, अधिगम मूल्यांकन तथा विद्यालयों में कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। प्रखंड स्तरीय नोडल शिक्षक राजेश कुमार प्रसाद ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों, उनके समाधान तथा शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सुधांशु रंजन गौड़ ने किया। प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी संकुल संसाधन केंद्रों (सीआरसी) से चयनित दो-दो मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया। इनमें मिथिलेश कुमार पाठक, नकुल कुमार, नेहा जायसवाल, सुचित्रा यादव, अलका शुक्ला, प्रतिमा कुमारी सहित सभी चयनित शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण के अंत में सभी मास्टर ट्रेनर्स ने अपने-अपने विद्यालयों एवं संकुल स्तर पर बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# बूटा की वार्षिक आमसभा शांतिपूर्वक संपन्न, विश्वविद्यालय अधिनियम- 2026 के खिलाफ आंदोलन का ऐलान

**5 से 8 अगस्त तक शिक्षक एवं कर्मचारी काला फीता लगाकर करेंगे कार्य- डॉ. कुमार राकेश रंजन**

बीएनएम@ मोतिहारी



शहर के एलएनडी कॉलेज स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में शनिवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय शिक्षक एसोसिएशन (बूटा) की वार्षिक आमसभा बूटा अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार की अध्यक्षता में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत एलएनडी कॉलेज के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्वादल भट्टाचार्य ने बूटा अध्यक्ष को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. अरुण कुमार ने संगठन की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने सभी महाविद्यालयों में बूटा इकाई गठन का आह्वान करते हुए कहा कि महाविद्यालयों की स्वायत्तता बचाने के लिए शिक्षकों का संगठित होना समय की आवश्यकता है। वहीं केसीटीसी महाविद्यालय के प्रो. पी.के. चक्रवर्ती ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों का विभिन्न स्तरों पर उत्पीड़न हो रहा है, जिसके खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। वहीं डॉ. सुबोध कुमार ने संगठन को और मजबूत एवं विस्तारित करने पर बल दिया। आमसभा को डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. कुमारी रंजना, डॉ. धीरेंद्र कुमार, डॉ. संतोष आनंद, डॉ. इरशाद आलम, डॉ. राकेश कुमार राय, डॉ. प्रीति कुमार तथा डॉ. दशरथ राम ने भी संबोधित किया। मंच संचालन करते हुए डॉ. कुमार राकेश रंजन ने बिहार सरकार के प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम- 2026 के विरोध में बिहार विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आंदोलन की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि 5 से 8 अगस्त तक शिक्षक एवं कर्मचारी काला फीता लगाकर कार्य करेंगे। 10 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर विश्वविद्यालय मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। 11 से 25 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 1:30 से 2 बजे तक कार्यस्थल पर विरोध प्रदर्शन एवं घंटी बजाकर प्रतिवाद किया जाएगा। वहीं 5 सितंबर को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर प्रस्तावित अधिनियम का विरोध दर्ज कराया जाएगा। अंत में डॉ. ज्योत्सना कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शिक्षकों की एकजुटता और सहयोग से ही सरकार के प्रस्तावित "काले कानून" को लागू होने से रोका जा सकता है।

## डीएम ने देर शाम किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण, व्यवस्था और गुणवत्ता सुधार के दिए निर्देश



बीएनएम@ मोतिहारी

जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार ने शनिवार देर संध्या जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी के साथ चंद्रहीया स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की वार्डन उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी छात्राओं से भी रूबरू हुए और विद्यालय के संचालन, पठन-पाठन तथा उपलब्ध सुविधाओं को लेकर उनका फीडबैक लिया। विद्यालय में वर्तमान में कुल 80 छात्राएं नामांकित हैं। डीएम ने छात्राओं से भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता और नियमितता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन को व्यवस्थाओं में सुधार एवं छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## एसएसबी ने 60 बोतल नेपाली शराब के साथ तस्कर को दबोचा



बीएनएम@ मोतिहारी

भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मोतिहारी ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई सीमा चौकी बड़हरवा की नाका पार्टी ने गुप्त सूचना के आधार पर रघुनाथपुर गांव के रास्ते की। नाका के दौरान सुरक्षा बलों ने नेपाल से भारत की ओर आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को मोटरसाइकिल पर बोरी लादकर आते देखा। जवानों ने उसे रुकने का संकेत दिया, लेकिन वह मोटरसाइकिल छोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। सतर्क जवानों ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर लदी बोरी से नेपाली शराब 'कस्तूरी (लाइम फ्रेश)' की 300-300 मिलीलीटर की कुल 60 बोतल बरामद की गई। एसएसबी ने मौके पर ही जब्ती सूची तैयार कर शराब एवं मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। गिरफ्तार तस्कर, जब्त शराब और मोटरसाइकिल को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए छौड़ादानो थाना के सुपुर्द कर दिया गया। एसएसबी ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मेहसी में माकपा का शक्ति प्रदर्शन, जनसमस्याओं के समाधान को लेकर गरजे नेता

**आठ सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा, 10 अगस्त को 'जेल भरो' आंदोलन में व्यापक भागीदारी का आह्वान**

बीएनएम@ मोतिहारी





भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की मेहसी–चकिया–तेतरिया लोकल कमिटी के आह्वान पर शनिवार को मेहसी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विशाल प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, महिलाएं और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद आयोजित सभा की अध्यक्षता कामरेड मुकेश कुमार यादव ने की, जबकि संचालन युवा नेता इम्तियाज़ अहमद ने किया। सभा को संबोधित करते हुए माकपा के राज्य सचिव कामरेड ललन चौधरी, जिला सचिव सत्येंद्र कुमार मिश्र और लोकल कमिटी के सचिव कामरेड मुकेश कुमार ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, राशन वितरण में अनियमितता, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली तथा भूमि परिमार्जन से जुड़े कथित मामलों को प्रमुखता से उठाया। नेताओं ने सरकार और प्रशासन से जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग करते हुए कहा कि उपेक्षा के कारण जनता आंदोलन के लिए मजबूर हो रही है। सभा को दिलीप कुमार, धर्मनाथ कुमार, पूर्व जिला पार्षद सुरेंद्र चौधरी, अखिलेश कुमार और अमन यादव सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।प्रदर्शन के बाद सत्येंद्र कुमार मिश्र, इम्तियाज़ अहमद, अजय कुमार यादव, दिलीप कुमार, अखिलेश कुमार और हरेन्द्र सिंह के प्रतिनिधिमंडल ने अंचलाधिकारी को आठ सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। अंचलाधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। राज्य सचिव ललन चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि देश आर्थिक चुनौतियों के साथ-साथ सामाजिक और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े गंभीर मुद्दों का सामना कर रहा है। उन्होंने संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव की रक्षा के लिए व्यापक जनएकजुटता पर बल देते हुए 10 अगस्त को प्रस्तावित 'जेल भरो' आंदोलन में किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, महिलाओं और आम नागरिकों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भंगहा सैनिक रोड किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी झरौखर थाना पुलिस

**बीएनएम@ मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिले के झरौखर थाना क्षेत्र में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब भंगहा सैनिक रोड के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। सूचना पर झरौखर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं, मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका भी अभी खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृतक की पहचान होने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

### रामगढ़वा अंचल में जनता दरबार, जमीन विवाद के चार नए मामले दर्ज

**बीएनएम@ रामगढ़वा**। स्थानीय अंचल कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद एवं राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई की गई। अंचल अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान जमीन विवाद के चार नए मामले दर्ज किए गए, जबकि कई पुराने मामलों का आपसी सहमति से मौके पर ही निष्पादन किया गया। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जिन मामलों में आवश्यक कागजात उपलब्ध थे, उनका तत्काल निपटारा कर दिया। वहीं, जटिल मामलों में राजस्व कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। अंचल अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर ही भूमि विवादों का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान करना है, ताकि लोगों को न्याय के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों और न्यायालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। जनता दरबार के दौरान संबंधित पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। वहीं कार्यालय के नाजिर सुधीर कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य कर्मियों ने अभिलेखों के संधारण एवं कागजी कार्रवाई में सहयोग किया।

### बाल हृदय योजनाः जयप्रभा मेदांता अस्पताल में आज विशेष जांच शिविर

**34 जिलों के 280 बच्चों का होगा निःशुल्क परीक्षण**

**बीएनएम@ पटना**। बिहार सरकार की जनकल्याणकारी 'बाल हृदय योजना' के तहत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को बेहतर व निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के लिए 2 अगस्त (रविवार) को जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में एक दिवसीय विशेष जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में राज्य के 34 जिलों से चयनित 280 बच्चों का इको और ईसीजी परीक्षण किया जाएगा, जिनकी पहचान जिलास्तरीय स्क्रीनिंग अभियान के दौरान की गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह के आधार पर बच्चों के उपचार, सर्जरी या अन्य चिकित्सा की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ जीवन देने के लिए प्रतिबद्ध है और 'बाल हृदय योजना' ने हजारों परिवारों को नई उम्मीद दी है। इस योजना के तहत 0 से 18 वर्ष तक के हृदय में छेद (कंजेनिटल हार्ट डिजीज) जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों को लाभ दिया जाता है। अब तक इस योजना के माध्यम से कुल 3,165 बच्चों का सफलतापूर्वक निःशुल्क उपचार कराया जा चुका है, जिसमें श्री सत्य साई हार्ट हॉस्पिटल (अहमदाबाद), आईजीआईसी (पटना), आईजीआईएमएस (पटना) और जयप्रभा मेदांता (पटना) शामिल हैं।

### महिला से गले और कान के सोने के जेवरात झपटे, महिला घायल

**बीएनएम@ समस्तीपुर**ः मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के बलुआही के पास शनिवार को बाइक सवार बदमाशों ने टोटो पर सवार एक महिला के गले और कान से सोने के जेवरात झपट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश तेज रफ्तार बाइक से फरार हो गए, जबकि झपटमारी के दौरान महिला टोटो से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।पीड़ित महिला की पहचान बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चक्की गोपाल गांव निवासी आभा देवी के रूप में हुई है। महिला अपने मायके से टोटो पर सवार होकर मोहनपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर स्थित अपने ससुराल जा रही थी। इसी दौरान बलुआही के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने पीछा कर उनके गले से सोने की दो जितिया व मंगलसूत्र और कान से कर्णफूल झपट लिए। अचानक हुई इस घटना से महिला असंतुलित होकर नीचे गिर पड़ी।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। पीड़िता द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद, पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा बदमाशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### मारपीट और लूटपाट मामले का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम@ शेखपुरा**. सदर अस्पताल के सामने मछली मार्केट में दलित युवक के साथ मारपीट, जातिसूचक गाली-गलौज और लूटपाट के चर्चित एससी/एसटी मामले में पुलिस ने दूसरे नामजद आरोपी दीपक मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। 22 जुलाई 2026 की रात पुरानी रंजिश में बबलू कुमार और उनके ममेरे भाई नीरज कुमार पर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर सोने का लॉकेट और गल्ले से नकदी छीनी गई थी।पीड़ित के आवेदन पर 24 जुलाई को एससी/एसटी थाना कांड संख्या 50/2026 दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष अजितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने घटना के तुरंत बाद पहले आरोपी बादल मंडल को दबोच लिया था, जबकि 31 जुलाई को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए दीपक मंडल को सदर अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# रक्सौल में तीन दिवसीय धर्म संसद संपन्न, विभिन्न प्रस्तावों पर संत समाज ने रखी राय

**बीएनएम@ रक्सौल**



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सीमावर्ती शहर रक्सौल में आयोजित तीन दिवसीय धर्म संसद का शनिवार को धार्मिक एवं आध्यात्मिक माहौल में समापन हो गया। कार्यक्रम में भारत और नेपाल से आए संत-महात्माओं, विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। धर्म संसद के दौरान सनातन संस्कृति, गौ संरक्षण, धार्मिक जागरूकता और सामाजिक समरसता से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई तथा कई प्रस्ताव पारित किए गए। धर्म संसद के संयोजक जगतगुरु वामाचार्य सेवक संजय नाथ जी महाराज ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य समाज को सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों और राष्ट्रसेवा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के संतों का यह संगम धार्मिक एकता, सामाजिक समरसता और मानव कल्याण का संदेश देता है। काली सेना की राष्ट्रीय प्रमुख पार्वती तिवारी ने कहा कि धर्म संसद में संत समाज की ओर से भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने, गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, सनातन संस्कृति एवं भारतीय परंपराओं के संरक्षण को प्राथमिकता देने तथा धार्मिक जागरूकता और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने जैसे प्रस्ताव पारित किए गए। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से संवाद जारी रहना चाहिए। धर्म संसद में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने तथा अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए केंद्र सरकार के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव भी पारित किया गया। साथ ही बिहार सरकार से गुरु नाथ अखाड़ा को आवश्यक सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। कार्यक्रम के दौरान अखाड़े की परंपरा के अनुसार नेपाल के संत रामसूरत नाथ को मंडलेश्वर, अल्टर बाबा को भारत का सभापति, बुद्धनाथ को महामंत्री, नेपाल के कलैया निवासी नागा बाबा को सेनापति प्रमुख तथा गुरु नाथ भोलानाथ को अखाड़े का महंत नियुक्त किया गया। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में भारत और नेपाल से आए संतों ने सनातन धर्म के संरक्षण, सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे और राष्ट्रहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बसोपाली मंदिर में नए भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ, श्रद्धालुओं में उत्साह



**बीएनएम@ रामगढ़वा**

रामगढ़वा प्रखंड की पखनहिया पंचायत अंतर्गत पोखरिया गांव के समीप स्थित प्रसिद्ध बसोपाली मंदिर में शनिवार को नए भवन निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। भवन निर्माण का शुभारंभ मुखिया प्रत्याशी बिरजालाला यादव ने पूजा-अर्चना कर किया। आचार्य बृजकिशोर तिवारी ने वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार भूमि पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। आचार्य बृजकिशोर तिवारी ने बताया कि बसोपाली माता का मंदिर क्षेत्र का एक प्राचीन आस्था केंद्र है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं के साथ पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष चैतनामी मेले का आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर के नए भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस कार्य में सत्रुघ्न तिवारी और नंदकिशोर यादव की विशेष भूमिका बताई गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि नए भवन के निर्माण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा मंदिर की भव्यता और धार्मिक महत्व में भी वृद्धि होगी।

## पीएम श्री उच्च विद्यालय जिहुली में मेहंदी प्रतियोगिता, छात्राओं ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**बीएनएम@ पताही**




प्रखंड क्षेत्र के पीएम श्री उच्च विद्यालय, जिहुली में छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक एवं कलात्मक मेहंदी डिजाइनों का प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और रचनात्मक माहौल बना रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता केवल कला प्रदर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और सृजनात्मक सोच को बढ़ावा देने का भी एक प्रभावी प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, कल्पनाशीलता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है तथा उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायकों ने डिजाइनों की सुंदरता, स्वच्छता, रचनात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। इसमें रौशनी ने प्रथम, अनामिका ने द्वितीय और सोनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आकांक्षा को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेता छात्राओं को बधाई दी। प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच मिल सके और उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दिया जा सके।

## चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे व हथियारों पर रहेगा प्रतिबंध

**बीएनएम@ रामगढ़वा**



आगामी 4 अगस्त को मनाए जाने वाले चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को रामगढ़वा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीजे के प्रयोग, जुलूस में हथियारों के प्रदर्शन तथा अफवाह फैलाने पर सख्ती से रोक लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव मौआर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार एवं अंचल अधिकारी अमित कुमार ने की। इस दौरान पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नरीरगीर क्षेत्र में पारंपरिक मेले का आयोजन होगा, जहां सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव मौआर ने कहा कि चेहल्लुम के दौरान डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा जुलूस एवं सार्वजनिक स्थलों पर तलवार, भाला, लाठी सहित किसी भी प्रकार के हथियारों के प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ राकेश कुमार ने कहा कि प्रशासन आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध सूचना की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। अंचल अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि प्रशासन और आम जनता के सहयोग से ही त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकता है। उन्होंने सभी से प्रशासनिक निर्देशों का पालन करते हुए पर्व मनाने का आग्रह किया। बैठक में एसआई धर्मेंद्र कुमार, एसआई मनीष कुमार, एसआई प्रिया कुमारी, चौकीदार सोनू यादव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि विशाल गुप्ता, उप प्रमुख अरविंद पांडे, मुखिया नसीबुल हक, पूर्व मुखिया मुहम्मद सरफुल्लाह, अजहर जावेद, आशुतोष कुमार, सफीउल्लाह समेत अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेते हुए प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

## 750 वर्ष पुराने ऐतिहासिक घोड़दौड़ पोखर के विकास कार्य पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**बीएनएम@ पताही**



पताही प्रखंड की पदुमकेर पंचायत स्थित लगभग 750 वर्ष पुराने ऐतिहासिक घोड़दौड़ पोखर के विकास कार्य की धीमी रफ्तार को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने कार्य करा रही एजेंसी और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मानसून की दस्तक से पहले ही विकास कार्य अधूरा पड़ा है। पोखर का बड़ा हिस्सा अब भी जलकुंभी और जलीय घास से ढका हुआ है। उनका आरोप है कि यदि समय रहते सफाई और शेष निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया तो बारिश के कारण अब तक हुए निर्माण कार्य को भी नुकसान पहुंच सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार मुख्यमंत्री द्वारा इस ऐतिहासिक पोखर के विकास की घोषणा के बाद क्षेत्रवासियों में काफी उम्मीद जगी थी, लेकिन कार्य की वर्तमान गति निराशाजनक है। उनका कहना है कि ठेकेदार की मनमानी के कारण निर्माण कार्य कछुआ चाल से चल रहा है और गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि घोड़दौड़ पोखर केवल एक जलाशय नहीं, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर है। इसका समुचित और गुणवत्तापूर्ण विकास होने से यह पूर्वी चंपारण के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

**मुखिया प्रतिनिधि ने अधिकारियों से की शिकायत**- पदुमकेर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सरोज सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं और लापरवाही की शिकायत जिला के वरीय अधिकारियों से की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्य करा रही एजेंसी और ठेकेदार निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से विकास कार्य पूरा कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से स्थल निरीक्षण



कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने तथा यदि अनियमितता पाई जाए तो जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## रघुनाथपुर थाना के एसआई चंदन कुमार निलंबित, विभागीय जांच के घेरे में आए अधिकारी

**बीएनएम@ तुरकौलिया (पूर्वी चंपारण)**

रघुनाथपुर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक (एसआई) चंदन कुमार को पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर बिना अनुमति थाना से अनुपस्थित रहने और संदिग्ध आचरण का आरोप है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में मामले को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसआई चंदन कुमार के आचरण और कार्यशैली को लेकर विभागीय स्तर पर गंभीर आपत्तियां सामने आई थीं। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने उनके निलंबन का आदेश जारी किया। फिलहाल उन्हें विभागीय जांच का सामना करना होगा। इस बीच यह भी चर्चा है कि शहर के छतौनी क्षेत्र में निगरानी टीम की कार्रवाई के दौरान एसआई चंदन कुमार पकड़े जाने से बाल-बाल बच गए। हालांकि, इस संबंध में पुलिस विभाग अथवा किसी सक्षम अधिकारी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ऐसे में इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है और इसे आधिकारिक तथ्य नहीं माना जा सकता। पुलिस विभाग ने अभी निलंबन के विस्तृत कारण सार्वजनिक नहीं किए हैं। माना जा रहा है कि विभागीय जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है।

## अरेराज में एफएलएन अभियान को लेकर नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया गया जोर

**बीएनएम@ अरेराज**



प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) अरेराज में शनिवार को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संकुलों के चिन्हित नोडल शिक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाना और अभियान को विद्यालय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना था। प्रशिक्षण का शुभारंभ विधिवत उद्घाटन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षक मिंटू कुमार मिश्रा ने कहा कि एफएलएन अभियान का मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों में पढ़ने, लिखने एवं बुनियादी गणितीय कौशल को मजबूत बनाना है, ताकि प्रत्येक बच्चा अपनी कक्षा के अनुरूप अपेक्षित अधिगम स्तर प्राप्त कर सके। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान गतिविधि आधारित शिक्षण, अधिगम मूल्यांकन, शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) के प्रभावी उपयोग तथा उपचारात्मक शिक्षण के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन विधियों के माध्यम से बच्चों की सीखने संबंधी कमियों को दूर कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। श्री मिश्रा ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत अब प्रयास केवल कक्षा तीन तक सीमित नहीं है। कक्षा 4 से 8 तक के जिन विद्यार्थियों में अधिगम संबंधी कमी है, उन्हें मेंटर विद्यालयों में चिन्हित कर विशेष कक्षाओं एवं गतिविधियों के माध्यम से आवश्यक दक्षता प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण में शामिल नोडल शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर हृदय कुमार, संकुल स्तरीय प्रशिक्षक ब्रजभूषण तिवारी, राम उदय कुमार, संतोष कुमार तिवारी, बुंदेला प्रसाद, संतोष सुमन, सुबोध तिवारी एवं आकांक्षा राज सहित सभी संकुल स्तरीय प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## मलाही पुलिस ने दो अंतरजिला बाइक चोरों को दबोचा, चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद

**बीएनएम@ मलाही**



मलाही थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान दो शातिर अंतरजिला बाइक चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपी पश्चिम चंपारण (बेतिया) जिले के निवासी हैं। पुलिस ने उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सुमन भारती ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान सूचना मिली कि मझरिया गांव से अज्ञात चोर एक मोटरसाइकिल चोरी कर मलाही बाजार की ओर भाग रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने पीछा शुरू किया। पुलिस को पीछे आता देख आरोपियों ने चोरी की मोटरसाइकिल को मलाही बांध के नीचे फेंक दिया और दूसरी बाइक से भागने का प्रयास किया। इसी दौरान मलाही बाजार में रात्रिकालीन बाजार एवं एटीएम सुरक्षा ड्यूटी में तैनात बिहार गृह रक्षा वाहिनी (बीएचजी) के जवानों तथा गश्ती दल ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास मौजूद स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (संख्या BR22BC9130) के कागजात मांगे, लेकिन वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। संदेह होने पर पुलिस ने हैंड हेल्ड डिवाइस (HHD) से जांच की, जिसमें इंजन और चेसिस नंबर पंजीकृत विवरण से अलग पाए गए। वाहन मालिक से संपर्क करने पर जानकारी मिली कि उक्त मोटरसाइकिल मई 2026 में बेतिया के बैरिया थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी, जिसकी प्राथमिकी दर्ज है। इसके अलावा मझरिया गांव से चोरी की गई दूसरी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (संख्या BR05AR8748) भी पुलिस ने बरामद कर जब्त कर ली। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पश्चिम चंपारण जिले के नौतन थाना क्षेत्र के तेलुगू ब्रह्म टोला निवासी अमरजीत कुमार (पिता- बगर यादव) तथा गहरी गांव निवासी करण कुमार (पिता- बिंदा यादव) के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सुमन भारती ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इनका संबंध किसी बड़े वाहन चोरी गिरोह से तो नहीं है।

## आय में सुस्ती

**आम जन का जीवन स्तर गतिरुद्ध हो, शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की सीढ़ी नज़र ना आ रही हो, और बेरोजगारी से निपटने के उपाय दिखावटी बन गए हों, तो कैसी सामाजिक शांति की आशा की जा सकती है? विभिन्न जन समूहों में असंतोष क्यों फैल रहा है, सरकार चाहे तो इसे खुद अपने आंकड़ों से समझ सकती है। खुद उसकी नीतियों ने युवा वर्ग में भविष्य के प्रति निराशा भरी है, तो बहुसंख्यक ग्रामीण आबादी की जिंदगी को दूभर बनाया है। कुछ बानगियों पर गौर कीजिए। 2024 में युवा बेरोजगारी दूर करने के लिए धूम-धड़ाके से शुरू की गई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अपने लक्ष्य से 99 प्रतिशत पीछे चल रही है। कॉरपोरेट मंत्रालय ने एक आरटीआई अर्जी पर बताया कि 30 अप्रैल 2026 तक कंपनियों ने 2.97 लाख इंटर्नशिप अवसर पैदा किए, जो दो साल के लक्ष्य का लगभग दसवां हिस्सा है। तस्वीर और निराशाजनक हो जाती है, जब ध्यान जाता है कि वास्तविक ऑफर 1.73 लाख ही रह गए। इनमें से जिन लोगों को ऑफ़र दिए गए, उनमें से लगभग 18,000 लोग ही काम पर पहुंचे। उनमें से केवल 5,200 लोग अंत तक टिके पाए। इस बीच ये आंकड़ा भी चर्चित हुआ है कि केंद्रीय बजट में शिक्षा मंत्रालय के लिए आवंटन 2013-14 (4.6 फीसदी) की तुलना में 2025-26 में आधा (2.5 प्रतिशत) रह गया है। इसी बीच राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की एक ताजा रिपोर्ट से सामने आया है कि सिर्फ 27.7 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों की आय में पिछले वर्ष वृद्धि दर्ज हुई। यह सितंबर 2024 से शुरू हुए इस सर्वे का सबसे निचला स्तर है। इसके मुताबिक 52.6 फीसदी परिवारों की आय में कोई बदलाव नहीं हुआ, जबकि 19.8 प्रतिशत परिवारों की आय गिरी। यानी 72 फीसदी परिवारों के जीवन स्तर में सुधार दर्ज नहीं हुआ। आय में सुस्ती और वित्तीय दबाव के कारण अनौपचारिक माध्यमों (जैसे रिश्तेदारों, दोस्तों, या स्थानीय साहूकारों) से कर्ज लेने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। ऐसे परिवारों की संख्या 23.6 प्रतिशत हो गई है। जब इस तरह लोगों का जीवन स्तर गतिरुद्ध हो, जमीनी स्तर पर अपनी जर्जर स्थिति के कारण शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की सीढ़ी अब नज़र ना आ रही हो, और विकराल बेरोजगारी से निपटने के उपाय दिखावटी बन कर रह जाएं, तो समाज में कैसी स्थिरता और शांति की आशा की जा सकती है?**

# भारत में शैक्षिक समावेशिता को बढ़ावा देना

**पीएम विद्यालक्ष्मी योजना**

प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना शिक्षा मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक तंगी का सामना कर रहे मेधावी छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को सुलभ बनाना है। यह योजना ऐसे छात्रों को देश के शीर्ष रैंक वाले उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के लिए बिना किसी जमानत (कोलैटरल-फ्री) और बिना किसी गारंटर के शिक्षा ऋण प्रदान करती है। यह पारिवारिक आय के आधार पर ब्याज छूट के माध्यम से लाभार्थियों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करती है, जिससे उच्च शिक्षा हासिल करने में आने वाली आर्थिक तंगी कम होती हैं। इस तरह, यह योजना भारत को सतत विकास लक्ष्य 4 (एसडीजी 4) की दिशा में प्रगति करने में योगदान देती है। एसडीजी 4 का उद्देश्य 2030 तक सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना तथा आजीवन सीखने के अवसरों को बढ़ावा देना है।

उच्च शिक्षा में आर्थिक बाधाओं को दूर करना : पिछले एक दशक के दौरान भारत में उच्च शिक्षा में दाखिले तेजी से बढ़े हैं। सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 2014-15 में जहां 23.7त्न था वह 2023-24 में बढ़कर 30.0त्न हो गया। हालांकि, कई मेधावी छात्रों के लिए आर्थिक तंगी की वजह से देश के शीर्ष रैंक वाले संस्थानों में गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा पाना अभी भी मुश्किल भरा रहा है। कई छात्र शिक्षा ऋण के माध्यम से इस आर्थिक तंगी को पूरा करने का प्रयास करते हैं, लेकिन ऐसे कई और छात्र हैं जो इन ऋणों पर लगने वाली ऊंची ब्याज दरों को वहन नहीं कर सकते। इसके कारण अपनी योग्यता के बावजूद इन छात्रों का आईआईटी, आईआईएम और देश के कई अन्य शीर्ष रैंक वाले संस्थानों में पढ़ाई करने का सपना पूरा नहीं हो पाता। ऐसे छात्रों की सहायता के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 6 नवंबर, 2024 को पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी थी। यह एक मिशन-मोड पहल है, जिसके तहत देश के चुनिंदा बेहतरीन उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी योग्यता के आधार पर प्रवेश पाने वाले छात्रों को बिना किसी जमानत और गारंटर के शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाता है। 8 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले छात्रों को 3त्न ब्याज सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। इन शिक्षा ऋणों को प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया सरल, पारदर्शी, छात्र-अनुकूल और पूरी तरह डिजिटल है। इसके लिए एक एकीकृत पोर्टल उपलब्ध है, जिसके माध्यम से छात्र शिक्षा ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं, अपने आवेदन की स्थिति देख सकते हैं, ब्याज सब्सिडी का दावा कर सकते हैं और अपनी शिकायतें भी दर्ज करा सकते हैं। यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 से प्रेरित है, जो सिफारिश करती है कि सार्वजनिक और निजी दोनों उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआईएस) में अध्ययन के लिए मेधावी छात्रों को विभिन्न माध्यमों से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पैसे की कमी के कारण कोई भी मेधावी छात्र देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में पढ़ने से वंचित न रहे। पीएम विद्यालक्ष्मी योजना समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने तथा सभी के लिए आजीवन सीखने के अवसर उपलब्ध कराने के माध्यम से सतत विकास लक्ष्य (एडीजी) 4 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सकारात्मक योगदान देती है।

विशेषताएं, लाभ और कवरेज पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के तहत देश के नामित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी योग्यता के आधार पर प्रवेश पाने वाले छात्रों को बिना किसी जमानत और गारंटर के शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाता है। वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत 1,425 उच्च शिक्षण संस्थान शामिल हैं, जिनमें सार्वजनिक और निजी दोनों संस्थान शामिल हैं। मैनेजमेंट कोटा, एनआरआई कोटा आदि के तहत होने वाले दाखिले इस योजना के लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे।

बैंकों को कवरेज का विस्तार करने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा ? 7.5 लाख तक के ऋण पर 75त्न क्रेडिट गारंटी प्रदान की जाती है। 8 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले छात्रों के लिए यह योजना 10 लाख रुपये तक के ऋण पर 3त्न ब्याज सब्सिडी का प्रावधान करती है। यह उस पूरी ब्याज सब्सिडी के अलावा है जो पहले से ही उन छात्रों को दी जाती है जिनके परिवार की सालाना आय ?4.5 लाख तक है। बिना जमानत और बिना गारंटर के शिक्षा ऋणः पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के तहत पात्र गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों (क्यूएचईआई) में प्रवेश पाने वाले छात्र बिना किसी जमानत या तीसरे पक्ष की गारंटी के बिना भी शिक्षा ऋण प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा ऋण की अधिकतम राशि पर कोई निश्चित सीमा नहीं है। यह राशि उच्च शिक्षण संस्थान द्वारा निर्धारित कोर्स फीस और अन्य शुल्क (जैसे मेस, हॉस्टल फीस, क्यूएचईआई की अन्य रिफंडेबल और नॉन-रिफंडेबल फीस, एक उचित गुणवत्ता वाले लैपटॉप की लागत और पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान छात्र द्वारा आवश्यक रहने का उचित खर्च)आदि पर निर्भर करेगी। सभी आय वर्गों के छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

ऋण देने वाली संस्थाओं को छात्रों को शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार 7.5 लाख रुपये तक के ऋण पर 75त्न क्रेडिट गारंटी प्रदान करती है। इससे ऋणदाताओं का जोखिम काफी कम होता है और छात्रों के लिए शिक्षा ऋण प्राप्त करना आसान होता है। योजना के तहत शिक्षा ऋण पर ली जाने वाली ब्याज दर संबंधित बैंक की एक्सटर्नली बेंचमार्क्ड लेंडिंग रेट (ईबीएलआर) + 0.5त्न तक सीमित होगी। यह दर हमेशा बैंक द्वारा पीएम-विद्यालक्ष्मी के दायरे से बाहर दिए जाने वाले अन्य शिक्षा ऋणों पर लागू ब्याज दर से कम होगी। शिक्षा ऋण की अधिकतम पुनर्भुगतान अवधि 15 वर्ष तक होगी। इसमें पाठ्यक्रम की अवधि और उसके बाद एक वर्ष की मोराटोरियम अवधि शामिल नहीं होगी। यह ऋण भारत में संचालित सभी डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए उपलब्ध है और ऐसे ऋण प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या की कोई सीमा नहीं है। योजना के तहत शिक्षा ऋण अनुसूचित बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबीएस) और इसमें भाग लेने वाले सहकारी बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है।

ब्याज पर छूटः पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना, पीएम-यूएसपी सीएसआईएस (प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन केंद्रीय क्षेत्र ब्याज सब्सिडी योजना) की पूरक है। पीएम-यूएसपी सीएसआईएस के तहत, के तहत एनएएसी से मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों में तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रम या एनबीएस से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम करने वाले ऐसे छात्र, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 4.5 लाख रुपये तक है, उन्हें 10 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण पर मोराटोरियम अवधि के दौरान 100त्न ब्याज सब्सिडी मिलती है। इसके अतिरिक्त, पीएम-विद्यालक्ष्मी की ब्याज सब्सिडी योजना का दायरा व्यापक है और इसमें नामित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों के सभी पाठ्यक्रम शामिल हैं। इस योजना के तहत 8 लाख रुपये से कम वार्षिक पारिवारिक आय वाले मेधावी छात्रों को 10 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण पर मोराटोरियम अवधि (पाठ्यक्रम की अवधि और उसके बाद एक वर्ष) के दौरान 3त्न ब्याज सब्सिडी दी जाती है। यदि शिक्षा ऋण की राशि 10 लाख रुपये से अधिक है, तो ब्याज सब्सिडी केवल 10 लाख रुपये तक की वितरित कुल मूलधन राशि पर ही प्रदान की जाएगी। जो छात्र केंद्र या राज्य सरकार की किसी अन्य छात्रवृत्ति, ब्याज सब्सिडी योजना या शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ ले रहे हैं, वे सीएसआईएस या पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के तहत ब्याज सब्सिडी का लाभ लेने के पात्र नहीं होंगे। एक वर्ष में अधिकतम 1 लाख छात्र मोराटोरियम अवधि के दौरान 3त्न ब्याज सब्सिडी के लिए पात्र होंगे। हालांकि, सीएसआईएस लाभार्थियों के लिए ऐसी कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं है।

छात्रों के लिए पात्रता मानदंडः यह योजना उन छात्रों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने भारत के निर्धारित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों में से किसी में प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से मेरिट के आधार पर प्रवेश प्राप्त किया है। योजना के तहत सभी डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षा ऋण उपलब्ध है। शिक्षा ऋण की पुनर्भुगतान अवधि मोरेटोरियम अवधि (पाठ्यक्रम अवधि + 1 वर्ष) को छोड़कर अधिकतम 15 वर्ष तक होगी। इन सभी लाभों का लाभ उठाने के लिए छात्रों को आधार के माध्यम से पंजीकरण करना, अपने पाठ्यक्रम में पंजीकरण कराना और संतोषजनक शैक्षणिक प्रदर्शन बनाए रखना आवश्यक है। संलग्न शर्तेः आवेदक को पाठ्यक्रम बीच में नहीं छोड़ना चाहिए और न ही अनुशासनात्मक या शैक्षणिक कारणों से संस्थान से निष्कासित किया गया होना चाहिए। दूसरे वर्ष से आगे ब्याज सब्सिडी का लाभ जारी रखने के लिए छात्र को संतोषजनक शैक्षणिक प्रदर्शन बनाए रखना होगा। छात्र ब्याज सब्सिडी और क्रेडिट गारंटी का लाभ केवल एक बार ले सकता है, चाहे वह स्नातक, स्नातकोत्तर या एकीकृत पाठ्यक्रम के लिए हो। उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए पात्रता मानदंडः संस्थानों को सूचीबद्ध करने के मानदंड उनके एनआईआरएफ रैंकिंग के आधार पर निर्धारित किए गए हैं। वर्तमान में इसमें जो संस्थान शामिल हैं वो हैं- शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एनआईआरएफ की नवीनतम सूची में समग्र/श्रेणी-विशिष्ट और/या विषय-विशिष्ट रैंकिंग में शीर्ष 100 स्थान प्राप्त करने वाले उच्च शिक्षा संस्थान शामिल हैं। शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एनआईआरएफ की नवीनतम सूची में राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के अधीन शीर्ष 200 रैंक वाले उच्च शिक्षा संस्थान हैं।

# ट्रंप का इजराइल और हमास के बीच समझौते का ऐलान

**सनत जैन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़ा दावा किया है। इस दावे में उन्होंने कहा है, इजराइल और हमास के बीच में जल्द ही समझौता होने जा रहा है। हमास और उसके दूसरे सभी हथियारबंद संगठन अपने हथियार छोड़ने पर सहमत हो गए हैं। इजराइल भी ग़ाज़ा से हटाने के लिए तैयार हो गया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा, कि गाजा का कंट्रोल अब फिलिस्तीन सरकार के हाथ में होगा। दोनों लोग मिलकर बोर्ड ऑफ पीस के साथ मिलकर काम करेंगे। इस समझौते के बाद इजराइल और गाजा के बीच में स्थाई शांति स्थापित होगी। एक-दूसरे के ऊपर कोई हमले नहीं होंगे। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि यह समझौता कई चरणों में लागू होगा। जैसे ही हमास अपने हथियार छोड़ेगा इजराइल की सेना गाजा से वापस होना शुरू हो जाएगी। नई व्यवस्था फिलिस्तीन पुलिस गाजा के हाथ में होगी। टाइम्स ऑफ़ इजराइल के अनुसार हमास के हथियार छोड़ने के 14 दिन के भीतर यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस समझौते की टाइमलाइन तय की गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि 20 सूत्रीय गाजा प्लान का यह सबसे अहम हिस्सा है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो बोलते हैं उसमें कितना सच होता है और कितना झूठ होता है यह उनके अलावा कोई नहीं जानता है। कुछ यही स्थिति इजराइल की है। जब-जब इजराइल ने इस तरह के समझौते किए, जैसे ही सामने वाला पक्ष समझौते के अनुसार प्रक्रिया शुरू करता है उसके बाद उसके ऊपर हमले शुरू हो जाते हैं। दुश्मन को अंधेरे में रखकर हमले करने की यह रणनीति इजराइल और अमेरिका सबसे ज्यादा उपयोग में लाते हैं। यह पिछले कई वर्षों की कार्रवाई से साबित हो चुका है। ईरान और अमेरिका के बीच में जो समझौता हुआ था, उसमें इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने समय-समय पर पलीता लगाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। पीछे से अमेरिका भी इस रणनीति का समर्थन कर रहा था। पहले भी



इजराइल और फिलिस्तीनियों तथा हमास के बीच कई समझौते हो चुके हैं। हर समझौते के बाद हमला करना इजराइल की रणनीति का हिस्सा था। इजराइल ने जिस तरह से ग़ाज़ा में नरसंहार किया है, महिलाओं और छोटे-छोटे बच्चों को मौत के घाट में उतारा है। वहां पर लोग भूखे मर गए। इजराइल ने वहां रसद नहीं जाने दी। इन सब बातों को देखते हुए ट्रंप ने जो दावा किया है वह कितना सही है, कहना मुश्किल है। जिस तरह से ईरान और अमेरिका के बीच में युद्ध हुआ, उसमें खाडी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को जो नुकसान पहुंचा है, इजराइल को भी भारी नुकसान हुआ है, इससे साफ है कि ईरान ने अमेरिका और इजराइल को दिन में तारे दिखा दिए हैं।

ऐसी स्थिति में अमेरिका और इजराइल को अब नई रणनीति अपनाना पड़ रही है। अमेरिका और इजराइल अब हमास से भी बात कर रहे हैं। फिलिस्तीनियों से भी बात कर रहे हैं। इस लड़ाई में अमेरिका और इजराइल को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करने में उन्हें कई वर्ष लगेंगे। वर्तमान स्थिति में ईरान अमेरिका इजराइल फिलिस्तीन हमास खाडी के सभी देश लगातार नुकसान से अब घबरा चुके हैं। लड़ने के लिए किसी के पास शक्ति नहीं बची है, जो कुछ शक्ति है वह वर्तमान में ईरान के पास है। ईरान को रूस और चीन का सहयोग मिला है। हार्मोज ईरान के लिए वरदान साबित हुआ है। पिछले पांच दशक से ईरान को सबने मिलकर प्रतिबंध की आड़ में कमजोर करने का हर संभव प्रयास कर लिया। अब समय बदल गया है। ईरान अब मुख्य भूमिका में है। रूस और चीन से जो समर्थन उसको मिल रहा है, उसके बाद अमेरिका और इजराइल के पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है कि वह शांति की ओर आगे बढ़े लेकिन अभी भी वह बदमाशी करेंगे तो इसका दुष्परिणाम इस बार उन्हें भारी पड़ने वाला है। ईरान पूरी तरह से सजग है। ट्रंप ने जिस तरह से टैरिफ का आतंक सारी दुनिया के देशों में फैलाया था, उससे अमेरिका की विश्वसनीयता और डोनाल्ड ट्रंप के रोजाना नए-नए झूठ बोलने से डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर सहज रूप से विश्वास नहीं किया जा सकता है। आशा है डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जो समझौता करने जा रहे हैं, उसे ईमानदारी के साथ लागू करें। तभी दुनिया में शांति स्थापित होगी। अमेरिका और इजराइल मैं भी शांति बनी रहेगी।




**मेष राशिः** मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम हासिल हो सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मिलने का योग बन रहा है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। परिवार के प्रति आपका लगाव बढ़ेगा। सेहत के लिहाज से आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

**वृष राशिः**वृष राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी खास काम में आपको फायदा होने वाला है। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे। क्रॉकरी के बिजनेस में बढ़िया धनलाभ होगा। आज राजकीय कार्यों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। महिलाएं सभी चुनौतियों का सामना करते हुए आज स्वयं का लघु उद्योग लगाने में सफल होंगी।

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। कार्य स्थल पर आज आपको अपना बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपनी एकाग्रता बनाए रखनी होगी। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन शानदार रहेगा, व्यापार को बढ़ाने के लिये नया प्लान लाभदायक साबित होगा। अध्यात्म की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिये जा सकते हैं।

**कर्क राशिः** कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंगों से भरा रहने वाला है। आज आप अपना लक्ष्य पाने के लिए नई योजनाएं बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल होंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी में कार्यरत हैं, आज उन्हें अच्छी खबर मिलेगी। आपको बड़े अधिकारियों का भी पूरा सहयोग मिलेगा।

**सिंह राशिः** सिंह राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। आज व्यापार में कुछ नई उपलब्धियां मिलने की संभावना है। इस समय तरक्की के अच्छे योग बने हुए हैं। प्रॉपर्टी से जुड़े काम को लेकर किसी पार्टी के साथ होने वाली डील आज फाइनल हो सकती है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने शिक्षकों से अच्छी सलाह मिलेगी जो आने वाले भविष्य में कारगर साबित होगी।

**कन्या राशिः** कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी और आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना होगी, दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**तुला राशिः** तुला राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कामकाज से जुड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी, लेकिन आप उस चुनौती से तुरंत ही पार पा लेंगे। यदि कोर्ट केस से जुड़ी कार्यवाही चल रही है, तो फैसला आपके पक्ष में आने की संभावना है। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज ऑफिस में सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। आज बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे।

**धनु राशिः** धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपकी जमीन जायदाद से जुड़ी किसी समस्या का समाधान निकल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। आज आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बातें शेयर करने से बचना चाहिए। आज जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने से भी बचें।

**मकर राशिः** मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किए गए काम से आपके बॉस काफी इम्प्रेस होंगे। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचें। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां हासिल होंगी।

**कुम्भ राशिः** कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस को लेकर आप कुछ नया प्लान बनायेंगे। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स के काम से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो उनको काफी लाभ पहुंचाएगा। ज्वेलरी की शॉप चलाने वाले लोगों को आज बढ़िया धनलाभ होगा।

**मीन राशिः**मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्यशैली में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे अपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते हैं, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर लें।

# पाक अधिकृत कश्मीर में बदलाव की तस्वीर

**प्रमोद भार्गव**

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में क्षेत्रीय विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया के दौरान लगातार हालात हिंसक एवं तनावपूर्ण हुए हैं। रावलकोट और मीरपुर में हिंसा के चलते संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने गोली चलाकर 37 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। मानवाधिकार संगठनों ने पीओजेके के इन हालातों पर गंभीर चिंता जताई है।

गौरतलब है कि जेएएसी पिछले करीब दो माह से पीओजेके की तथाकथित विधानसभा की 12 विवादित सीटों को लेकर आंदोलन चला रही है। संगठन का आरोप है कि ये 'शरणार्थी निर्वाचन क्षेत्र' उन मतदाताओं को जरूरत से ज्यादा महत्व देते हैं, जो पीओजेके के मूल निवासी नहीं है। इनमें से ज्यादातर की वैधानिक पुष्टि भी नहीं हुई है। पाकिस्तान सरकार इन सीटों के जरिए अपनी पसंद की सरकार चुनवा कर मर्जी का प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। इसी मनमानी को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। इसके अलावा बिजली, सस्ता आटा और अन्य खाद्य सामग्री की कमी भी आक्रोश का कारण बनी हुई है। भारत ने इन इन चुनावों को पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की कोशिश कहा है। जबकि यह भारत का अभिन्न हिस्सा है। पीओजेके में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक तीन चरणों में चुनाव होने हैं। चुनावों में कुल 45 सीटों में से 12 सीटें शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं। किंतु गुलाम जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों के लिए आरक्षित सीटें मंजूर नहीं हैं। इसलिए जम्मू-कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान के लोग जबरदस्त विरोध में उतर आए हैं। इस विरोध के चलते पहले 46 प्रदर्शनकारी और अब मतदान के दौरान 37 लोग मारे जा चुके हैं, सैंकड़ों लोग घायल हैं। पाक आर्मी और पुलिस के इस दमन एवं नरसंहार से आंदोलनकारियों का गुस्सा और भड़क गया है। इस नाराजगी को दबाने के लिए पुंछ, मीरपुर एवं मुजफ्फराबाद में बड़ी संख्या में अतिरिक्त अर्धसैनिक बल तैनात कर दिए हैं। दरअसल लोगों का गुस्सा इसलिए फूट रहा है क्योंकि ये चुनाव अंतरराष्ट्रीय समुदाय एवं मानवाधिकार आयोग को यह दिखाने के लिए कराए जा रहे हैं कि पाकिस्तान लोकतंत्र का पैरोकार है। लेकिन यह पूरा नाटक फरेब की नौटंकी के अलावा कुछ नहीं है। भारत भी इस चुनाव के विरोध में है। इस विरोध का प्रमुख कारण पीओजेके में विधानसभा की 45 निर्वाचित सीटों में से 12 सीटों का शरणार्थियों के लिए आरक्षित करना है। जेएएसी का आरोप है कि इन सीटों के कारण स्थानीय लोगों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रभावित हो रहा है। संगठन लंबे समय से इन सीटों को समाप्त करने की मांग कर रहा है। चुनाव के ठीक पहले यह मुद्दा राजनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील बन गया है। इस मुद्दे के साथ-साथ आमजन बढ़ती महंगाई, गेहूं और आटे की उपलब्धता में कमी, बिजली दरों में वृद्धि, बेरोजगारी तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारों की मांग को भी आगे बढ़ा रहा है। दरअसल शरणार्थियों के लिए सीटें आरक्षित करने का मतलब स्थानीय लोगों को जनप्रतिनिधित्व से बहिष्कृत करने का संवैधानिक उपाय पाकिस्तान ने मान लिया है। अतएव ये चुनावी फरेब पीओजेके पर अवैध कब्जे को वैध ठहराने का उपाय भर है। पाकिस्तान इस चुनाव के जरिए यह जताने का उपक्रम कर लेता है कि वह लोकतंत्र का पक्षधर होने के साथ भू-राजनीतिक शक्ति भी है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत को इस चुनावी हथकंडे को राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के परिदृश्य में इसे एक बड़े मुद्दे के रूप में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पेश करने के साथ हस्तक्षेप की मांग करने की जरूरत है। हालांकि पीओके में हुई हिंसा को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाक पर करारा हमला बोला है। कहा है कि पाकिस्तान को उसके दुष्कर्मों और मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए उत्तरदायी ठहराना चाहिए। पाकिस्तान अपनी आंतरिक विफलताओं को छुपाने और मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान भटकाने के लिए झूठी खबरों और फर्जी वीडियो का सहारा ले रहा है। जबकि पीओजेके में आर्मी और पुलिस ने बर्बर कार्रवाही की है। हम उम्मीद करते है कि विश्व समुदाय पाक के इन कृत्यों के लिए उसे जवाबदेह ठहराएगा। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र संघ के गलियारों से ऐसी खबर आई है, जिसने आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक कूटनीति के दोहरे मानदंडों को एक बार फिर से उजागर कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान और चीन की साझा और बेहद महत्वाकांक्षी कोशिश को अमेरिका ने पूरी तरह से असफल कर दिया। इन दोनों देशों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके आत्मघाती दस्ते 'मजीद ब्रिगेड' को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर अमेरिका ने फ्रांस और ब्रिटेन के साथ मिलकर वीटो लगा दिया है। दिलचस्प बात है कि खुद अमेरिका ने 2019 में बीएलए और मजीद ब्रिगेड को अपनी घरेलू फॉरेन टेररिस्ट आर्गेनाइजेशन सूची में शामिल किया था। बावजूद वैश्विक मंच पर चीन और पाकिस्तान के इस साझा प्रस्ताव को अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों द्वारा रोका जाना बड़ा कूटनीतिक संदेश है। यह वही चीन है, जिसने अतीत में भारत और अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकियों को वैश्विक प्रतिबंधित आतंकवादी सूची में डालने से जुड़े कई प्रस्तावों पर वीटो लगा दिया था।

सुरक्षा परिषद् का यह घटनाक्रम संकेत देता है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सरहदों पर ही नहीं बल्कि बंद कमरों में भी कुटिल कूटनीति के लिए लड़ी जाती है। पीओजेके में वर्तमान नरसंहार को लेकर ब्रिटेन के 50 सांसदों ने भी अंतरराष्ट्रीय समुदायों के समक्ष चिंता जताई है। भारत को पीओजेके में उभरे इस आंतरिक संकट और नरसंहार से सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि धूर्त पाकिस्तान इस ओट में अपनी पुरानी और नापाक चालें चलते हुए प्रशिक्षित आतंकियों की भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने की चाल चल सकता है। हालांकि भारतीय खुफिया एजेंसी आईबी ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई इस अराजकता और खून-खराबे की आड़ में नियंत्रण रेखा पर आतंकियों की घुसपैठ कराकर जम्मू-कश्मीर तथा भारत के अन्य नगरों में हिंसा व अशांति फैलाने की दृष्टि से आत्मघाती हमले करा सकती है। हालांकि भारतीय सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। इधर, पीओजेके में आमजनों पर सुरक्षा बलों की बर्बरता को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने उचित ठहराया है। उन्होंने अधिकारों और पहचान दिए जाने की मांग कर रहे कश्मीरियों को भारत जैसा दुश्मन करार दिया है। आसिफ के इस बयान को इस तथ्य की स्वीकार्यता माना जा रहा है कि गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोग भारतीय जम्मू-कश्मीर की भूमि का हिस्सा हैं। हकीकत भी यही है। पीओजेके की परिधि में आने वाले गिलगित-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं। बावजूद पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं। लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। पाक और बलूचिस्तान के बीच संघर्ष 1945, 1958, 1962-63, 1973-77 में होता रहा है। 1977 में पाकिस्तान द्वारा दमन के बाद करीब 2 दशक तक यहां शांति रही। लेकिन 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर अवैध कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आए, इनमें प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है। यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# राष्ट्रमंडल खेल 2026: भाला फेंक में भारत का डबल पोडियम, नीरज चोपड़ा ने जीता रजत, यशवीर को कांस्य

**एजेंसी, ग्लासगो**

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि यशवीर सिंह ने अंतिम प्रयास में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस तरह भारत ने इस स्पर्धा में दो पदक जीतकर डबल पोडियम हासिल किया। टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा खराब मौसम के बावजूद अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब पहुंचे। उन्होंने दूसरे प्रयास में 85.83 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और दूसरे स्थान पर रहे। इससे पहले उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 85.69 मीटर था, जो उन्होंने जून में दोहा डायमंड लीग में किया था। पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे 24 वर्षीय यशवीर सिंह ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 85.41



मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर कांस्य पदक जीत लिया। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83.72 मीटर था। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पाथिराजे ने दूसरे प्रयास में 89.75 मीटर का शानदार थ्रो कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ठंडे और तेज़ हवा वाले मौसम के बावजूद वह 90 मीटर के बेहद करीब पहुंचे। भारत के तीसरे खिलाड़ी रोहित यादव ने 81.56 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ सातवां स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में दक्षिण एशिया का दबदबा देखने को मिला और स्वर्ण, रजत तथा कांस्य तीनों पदक उपमहाद्वीप के खिलाड़ियों ने जीते। वहीं, पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के गत विजेता अरशद नदीम तीन प्रयासों के बाद 77.41 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ बाहर हो गए। विश्व चैंपियन केशॉर्न वालकॉट (त्रिनिदाद एवं टोबैगो) 82.55 मीटर के साथ छठे स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि नीरज चोपड़ा ने पिछले वर्ष सितंबर में लगी कमर की चोट से उबरने के बाद इस वर्ष वापसी की है। यह उनका दूसरा राष्ट्रमंडल खेल था। इससे पहले उन्होंने 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

## राष्ट्रमंडल खेल 2026: नौवें दिन छह पदकों के साथ भारत पदक तालिका में 10वें स्थान पर

- **भारत ने पांच स्वर्ण पदक के साथ अब तक जीते कुल 23 पदक**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रमंडल खेल 2026 के नौवें दिन शुक्रवार को भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल छह पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 23 हो गई और वह पदक तालिका में 10वें स्थान पर पहुंच गया। दिन की शुरुआत जूडो से हुई, जहां अस्मिता डे ने महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास



में जूडो में भारत का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इसके कुछ ही देर बाद हर्ष सिंह ने पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण जीतकर जूडो में भारत की ऐतिहासिक सफलता को आगे बढ़ाया। वहीं यामिनी ने अपने फाइनल मुकाबले में रजत पदक हासिल कर भारत के खाते में एक और पदक जोड़ा। एथलेटिक्स में तेजस्विन शंकर ने पुरुषों की डेकाथलॉन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। इसके बाद पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में भारत ने शानदार डबल पोडियम हासिल किया। नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीता, जबकि यशवीर सिंह ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। नौवें दिन के खेलों के बाद ऑस्ट्रेलिया 55 स्वर्ण, 30 रजत और 43 कांस्य सहित 128 पदकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। इंग्लैंड 17 स्वर्ण, 34 रजत और 29 कांस्य के साथ दूसरे तथा कनाडा 17 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य सहित कुल 53 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं भारत के खाते में अब 5 स्वर्ण, 12 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 23 पदक हैं और वह पदक तालिका में 10वें स्थान पर है।

## ताइपे ओपन के फाइनल में पहुंची तन्वी शर्मा

**एजेंसी, ताइपे**

भारत की उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ताइपे ओपन 2026 के महिला एकल फाइनल में जगह बना ली है। शनिवार को सेमीफाइनल में उन्होंने मेजबान चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त हुआंग यू-ह्सुन को सीधे गेमों में 21-17, 21-11 से हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। विश्व नंबर 34 तन्वी ने महज 33 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। क्वार्टर फाइनल की तुलना में इस बार उन्होंने कहीं अधिक प्रभावशाली खेल दिखाया और मेजबान खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। अब रविवार को फाइनल में उनका



सामना वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से होगा। पिछले दो वर्षों में तन्वी ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में तेजी से अपनी पहचान बनाई है। वह 2024 बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही थीं। इसके अलावा उन्होंने 2024 बॉन इंटरनेशनल और 2025 डेनमार्क चैलेंज का खिताब जीता, जबकि 2025 ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 और गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 में उपविजेता रहीं। यह उनके करियर का चौथा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल और दूसरा सुपर 300 फाइनल होगा। वहीं पुरुष एकल में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। भारत के अंतिम उम्मीद किरण जॉर्ज को क्वार्टर फाइनल में जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोटो ने 21-12, 21-10 से हराकर बाहर कर दिया। इससे पहले पुरुष युगल में भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरु की जोड़ी पहले दौर में ही बाहर हो गई थी, जबकि एच.एस. प्रणय प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

## राष्ट्रमंडल खेल 2026 : तेजस्विन शंकर ने रचा इतिहास, डेकाथलॉन में जीता कांस्य

**एजेंसी, ग्लासगो** । भारत के शीर्ष बहु-इवेंट एथलीट तेजस्विन शंकर ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों की डेकाथलॉन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट एथलीट तेजस्विन ने अंतिम और निर्णायक 1500 मीटर दौड़ 4 मिनट 36.19 सेकंड में पूरी कर 704 अंक हासिल किए। इसके साथ उन्होंने कुल 7976 अंक जुटाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ तेजस्विन शंकर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में दो अलग-अलग एथलेटिक्स स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी भी बन गए। इससे पहले उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद (हाई जंप) में कांस्य पदक जीता था। तेजस्विन का यह प्रदर्शन भारतीय एथलेटिक्स के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। डेकाथलॉन जैसी कठिन स्पर्धा, जिसमें 10 अलग-अलग ट्रैक एवं फील्ड इवेंट शामिल होते हैं, में पदक जीतकर उन्होंने भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाई पर पहुंचाया। यह उपलब्धि उनकी बहुमुखी प्रतिभा, निरंतर मेहनत और उत्कृष्ट फिटनेस का प्रमाण है।

## डीपीएल 2026: अनुज रावत का शतक बेकार, सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने चार विकेट से जीता पहला मुकाबला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 का आगाज अरुण जेटली स्टेडियम में शुक्रवार रात रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ, जहां सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने अनुज रावत के शानदार शतक पर पानी फेरते हुए पुरानी दिल्ली 6 को चार विकेट से हरा दिया। मुकाबले से पहले मशहूर गायक सुखबीर सिंह और सुनंदा शर्मा के रंगारंग कार्यक्रम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पुरानी दिल्ली 6 की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम पांच ओवर के भीतर 30 रन पर तीन विकेट गंवा बैठी। इसके



बाद कप्तान अनुज रावत और देव लाकड़ा ने चौथे विकेट के लिए 132 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को संकट से उबारा। देव लाकड़ा ने 37 गेंदों में 53 रन की संयमित पारी खेली, जबकि अनुज रावत ने कप्तानी पारी खेलते हुए 59 गेंदों में नाबाद 105 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए। 99 रन पर जीवनदान मिलने के बाद अगली ही गेंद पर उन्होंने इस सत्र का पहला शतक पूरा किया। उनकी बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने 20 ओवर में चार विकेट पर 202 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। 203 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने आक्रामक शुरुआत की। कप्तान यश धुल और सिद्धार्थ जून ने पहले विकेट के लिए केवल 4.5 ओवर में 65 रन जोड़ दिए। जून 14 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जबकि युगल सैनी ने 16 गेंदों में 22 रन का योगदान दिया। यश धुल ने शानदार बल्लेबाजी जारी रखते हुए 45 गेंदों में 72 रन की कप्तानी पारी खेली।

# बिजनेस

## पीएफ खाते से पैसे निकालना, म्यूचुअल फंड से भी ज्यादा आसान होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अब पीएफ खाते से पैसे निकलना आसान हो गया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सेंट्रल प्रोविडेंट फंड कमिश्नर रमेश कृष्णमूर्ति ने दावा किया है कि ईपीएफओ ने क्लेम सेटलमेंट का करीब सारा बकाया काम निपटा लिया गया है। पीएफ सदस्यों की ओर से किए गए ज्यादातर क्लेम उसी दिन या दो दिनों के अंदर निपटा दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि नए सिस्टम में हम देख रहे हैं कि 90 फीसदी तक क्लेम ऑटोसेटल हो रहे हैं। हमें उम्मीद है कि सदस्यों द्वारा किए गए ज्यादातर क्लेम या तो उसी दिन या अधिकतम दो दिनों के अंदर सेटल हो जाएंगे। इसका मतलब है कि अब पीएफ से पैसे निकालना म्यूचुअल फंड से भी कहीं ज्यादा आसान हो गया है। कृष्णमूर्ति ने एक कार्यक्रम में कहा कि ईपीएफओ की नई रोजगार योजनाएं और चल रहे सुधार, नियोक्ताओं के लिए नियमों का




पालन आसान बनाने के साथ-साथ सदस्यों को विश्व स्तरीय सेवाएं देने पर केंद्रित हैं। संगठन अब नियमों के पालन से जुड़े सुधारों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, ताकि नियोक्ताओं के लिए कामकाज आसान हो सके और नियोक्ताओं व कर्मचारियों दोनों के लिए एक भरोसेमंद सामाजिक सुरक्षा संस्थान के तौर पर विश्वास मजबूत हो सके।

उन्होंने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि ईपीएफओ की नई रोजगार योजनाओं और सुधारों का मकसद सदस्यों को दुनिया की सबसे अच्छी सेवाएं देना है। मैंने सभी एम्प्लॉयर्स को यह भरोसा दिलाया है कि अब हम नियमों के पालन से जुड़े सुधारों पर ध्यान देंगे। उम्मीद है कि हम एम्प्लॉयर्स और ईपीएफओ के बीच कामकाज के तरीकों को और आसान बना सकेंगे। इन सभी सुधारों से कर्मचारियों और एम्प्लॉयर्स का भरोसा बढ़ेगा। वे ईपीएफओ को अपनी सोशल सिक्योरिटी और रिटायरमेंट की योजना के लिए भरोसेमंद साथी के तौर पर देख सकेंगे। कृष्णमूर्ति ने कहा कि सरकार के नए सामाजिक सुरक्षा बिल में गिग और प्लेटफ़ॉर्म वर्कर्स और दूसरे असंगठित क्षेत्र के वर्कर्स के लिए एक खास स्कीम लाने का प्रावधान है। इसका फायदा डिलीवरी ब्वॉय के साथ दिहाड़ी मजदूरों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब सरकार इस स्कीम की घोषणा कर देगी, तो वह इसे लागू करने वाली एजेंसी के बारे में भी बताएगी। सोशल सिक्योरिटी कोड के तहत, सरकार के लिए गिग और प्लेटफ़ॉर्म वर्कर्स और दूसरे असंगठित क्षेत्र के वर्कर्स के लिए एक स्कीम लाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ की ब्याज दरें बढ़ाने को लेकर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। मौजूदा ब्याज दर 8.25 फीसदी है। फिलहाल, हमने ब्याज जमा कर दिया है और यह ईपीएफओ के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। एक ही बार में, 3 जुलाई तक 34 करोड़ से ज्यादा मेंबर्स के अकाउंट्स में ब्याज जमा किया गया और हमने 8.25 फीसदी की दर से करीब 1.44 लाख करोड़ रुपए ब्याज के तौर पर ट्रांसफर किए।

## अगस्त में कहां लगाएं दांव? ब्रोकरेज ने बताए कमाई वाले सेक्टर और शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जुलाई महीने में भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव के बावजूद कई सेक्टरों में शानदार प्रदर्शन दिखाया। अब निवेशकों के लिए सबसे बड़ा सवाल है कि अगस्त में कौन से सेक्टर और स्टॉक कमाई का बेहतर मौका दे सकते हैं। एक ब्रोकरेज फर्म ने अपने नवीनतम विश्लेषण में बताया है कि आगामी दिनों में पूरे बाजार के बजाय चुनिंदा सेक्टर और शेयर ही बेहतर रिटर्न दे सकते हैं। फर्म ने खास तौर पर रियल्टी, ऑटो और हेल्थकेयर सेक्टर को लेकर सकारात्मक रुझान दिखाया है, जबकि आईटी, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर में सावधानी बरतने की सलाह दी है।

रियल्टी में सबसे मजबूत संकेत और ऑटो की नई लीडरशिपः ब्रोकरेज के मुताबिक इस समय सबसे मजबूत संकेत रियल्टी सेक्टर से मिल रहे हैं। इस सेक्टर में न केवल कीमतों में वृद्धि देखी जा रही है, बल्कि निवेशकों की हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ रही है। ब्रोकरेज का मानना है कि रियल्टी ही वह सेक्टर



है जहां खरीदारी का रुझान सबसे ज्यादा मजबूत है, जो इसे अगस्त के लिए एक बेहतर दांव बनाता है। वहीं, ऑटो सेक्टर ने तकनीकी रूप से मजबूत ब्रेकआउट दिया है और ब्रोकरेज का मानना है कि अगस्त में यह बाजार की अगुवाई करने वाले सेक्टरों में से एक बन सकता है। अगर बाजार में तेजी जारी रहती है, तो ऑटो शेयरों में निवेशकों की दिलचस्पी और बढ़ सकती है।

हेल्थकेयर में संस्थागत खरीदारी, आईटी में सिर्फ शॉर्ट कवरिंगः रिपोर्ट के अनुसार, हेल्थकेयर सेक्टर में भी संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी बनी हुई है, जिससे इस सेक्टर में भी आगे अच्छी मजबूती की उम्मीद है। हालांकि, जुलाई में आईटी शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिली थी, लेकिन ब्रोकरेज का कहना है कि यह तेजी ज्यादातर शॉर्ट कवरिंग की वजह से थी। यानी, गिरावट की उम्मीद में जिन निवेशकों ने अपनी पोजिशन बनाई थी, उन्होंने उन्हें काटा, जिससे शेयरों में उछाल आया। ऐसे में, मौजूदा स्तर पर आईटी सेक्टर में जोखिम और रिटर्न का संतुलन पहले जैसा आकर्षक नहीं रह गया है।


मेटल, ऑयल एंड गैस से दूरी की सलाह, बाजार का दायराः ब्रोकरेज ने मेटल, ऑयल एंड गैस और सर्विसेज सेक्टर से फिलहाल दूरी बनाए रखने की सलाह दी है, क्योंकि इन सेक्टरों में निवेशकों का भरोसा कमजोर दिख रहा है और पोजिशन घटाई जा रही हैं। बाजार की चाल पर ब्रोकरेज का कहना है कि जुलाई एक्सपायरी के बाद लीवरेज कम हुआ है, जिससे बड़े उतार-चढ़ाव का खतरा कुछ कम हुआ है। हालांकि, बाजार में किसी एक दिशा में बड़ी चाल के संकेत नहीं हैं और निफ्टी 23,500 से 24,500 के दायरे में रह सकता है। अगस्त महीने के लिए ब्रोकरेज ने कुछ पसंदीदा शेयर भी सुझाए हैं, जिनमें टीवीएस मोटर्स, ओबेराय रियल्टी, 360 वन, इंडियन होटल्स और बायोकॉन शामिल हैं। इसके अलावा बीपीसीएल पर भी नजर रखने की सलाह दी गई है, क्योंकि इसमें आगे अच्छे अवसर बन सकते हैं। यह रिपोर्ट निवेशकों को अगस्त में सोच-समझकर, सेक्टर-विशिष्ट निवेश करने की दिशा देती है।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच इथेनॉल ब्लेंडिंग बनी सुरक्षा कवच, ग्राहकों के बचे 30 रुपये प्रति लीटर

**इथेनॉल ब्लेंडिंग से दिल्ली में पेट्रोल खरीदने वालों के बचे प्रति लीटर 30 रुपये**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर बड़ा दावा किया है। सरकार का कहना है कि अगर पेट्रोल में इथेनॉल नहीं मिलाया जाता, तो हाल के पश्चिम एशिया संकट के दौरान देश में पेट्रोल की कीमत 125 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती थी लेकिन इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की वजह से ग्राहकों को बड़ी राहत मिली और उन्हें करीब 30 रुपये प्रति लीटर तक की बचत हुई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार




को जारी एक बयान में बताया कि पेट्रोल में ईथेनॉल का मिश्रण सिर्फ ईंधन की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद नहीं कर रहा, बल्कि इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत हो रही है। मंत्रालय ने कहा कि पेट्रोल में इथेनॉल को मिलाने (ब्लेंडिंग) से दिल्ली के उपभोक्ताओं को प्रति लीटर लगभग 30 रुपये की बचत हुई है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने पर बिना इथेनॉल के दिल्ली में पेट्रोल 125 रुपये प्रति लीटर हो सकता था, जो इस मिश्रण के कारण 94.77 रुपये प्रति लीटर मिला। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम ने कई मोर्चों पर फायदा पहुंचाया है। इससे जहां एक ओर कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम हुई है। वहीं, किसानों और डिस्टिलरी उद्योग को आर्थिक लाभ मिला है। मंत्रालय के अनुसार यह योजना खाद्य सुरक्षा, किसानों की आय और देश की ऊर्जा जरूरतों के बीच संतुलन बनाने का काम कर रही है। सरकार ने साफ किया है कि इथेनॉल बनाने के लिए केवल वही अनाज इस्तेमाल किया जाता है, जो खाद्य सुरक्षा की जरूरतें पूरी होने के बाद अतिरिक्त बचता है।

## बजाज चेतक इलेक्ट्रिक ने पछाडा बजाज पल्सर को, बनीं नंबर-1

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बजाज चेतक इलेक्ट्रिक ने बजाज पल्सर को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। जून 2026 में बजाज ऑटो की बिक्री रिपोर्ट के अनुसार, बीते महीने चेतक इलेक्ट्रिक ने कुल 40,376 इकाइयाँ बेचीं, जो जून 2025 की तुलना में 126 प्रतिशत की प्रभावशाली वार्षिक वृद्धि दर्शाती है, जब यह आंकड़ा 17,864 इकाई था। यह प्रदर्शन भारतीय ग्राहकों के बीच इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बढ़ती लोकप्रियता को उजागर करता है। बिक्री के आंकड़ों में बजाज पल्सर 160 + 200 एनएस दूसरे नंबर पर रही, जिसने 83 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी के साथ 32,100 यूनिट्स की बिक्री की। वहीं, बजाज प्लैटिना तीसरे स्थान पर रही, जिसकी बिक्री में 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और कुल 26,621 यूनिट्स बेची गईं। कभी कंपनी की बेस्ट-सेलिंग मॉडल रही बजाज पल्सर 125 इस बार चौथे नंबर पर खिसक गई, जिसने 47 प्रतिशत की सालाना गिरावट के साथ 26,288 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। अन्य मॉडलों में, बजाज पल्सर 150 ने 46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,630 यूनिट्स बेचीं, जबकि बजाज पल्सर 220 ने 99 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि के साथ 8,501 यूनिट्स के साथ छठे स्थान पर जगह बनाई।

## ईएमआई पर अभी राहत नहीं! आरबीआई अगस्त में भी नहीं बदलेगा ब्याज दरें: सर्वे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आगामी अगस्त मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक से पहले कर्जदारों के मन में एक ही सवाल है– क्या ब्याज दरें कम होंगी? होम लोन, कार लोन या ईएमआई सस्ती होने का इंतजार कर रहे लोगों के लिए फिलहाल राहत की खबर कम ही दिख रही है। एक व्यापक सर्वेक्षण के अनुसार अधिकांश अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आरबीआई इस बार भी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करेगा, जिससे मौजूदा ब्याज दरें बरकरार रहेंगी। सर्वेक्षण के मुताबिक 21 से 27 जुलाई के बीच 72 प्रमुख



अर्थशास्त्रियों से राय ली, जिनमें से 66 विशेषज्ञों का स्पष्ट मानना है कि आरबीआई अपनी अगस्त की एमपीसी मीटिंग में रेपो रेट को मौजूदा 5.25 फीसदी पर ही बनाए रखेगा। केवल चार अर्थशास्त्रियों ने ही 0.25 फीसदी ब्याज दर बढ़ने की संभावना जताई है, जबकि बाकी विशेषज्ञों ने स्थिरता का संकेत दिया है। यह सर्वे न सिर्फ अगस्त की बैठक के लिए, बल्कि पूरे 2026 के लिए भी ब्याज दरों में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने का अनुमान लगा रहा है, जिसके बाद 2027 की शुरुआत में ही कोई हलचल देखने को मिल सकती है। भले ही जून में महंगाई बढ़कर 4.38 फीसदी पर पहुंच गई हो, लेकिन अर्थशास्त्रियों का मानना है कि केंद्रीय बैंक फिलहाल ब्याज दरें बढ़ाने से बचेगा। इसकी मुख्य वजह वैश्विक अनिश्चितताएं हैं, जिनमें पश्चिम एशिया में तनाव, अमेरिका के टैरिफ और भू-राजनीतिक अस्थिरता जैसे कारक शामिल हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण माहौल में, आरबीआई का प्राथमिक ध्यान आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने पर हो सकता है, न कि ब्याज दरों में बढ़ोतरी करके उस पर और दबाव डालने पर।

# 'करण अर्जुन' के आइकॉनिक सॉन्ग का नया अवतार: 'राणाजी 2.0' में माहिरा शर्मा का दिखा धमाकेदार अंदाज़

साल 1995 की ब्लॉकबस्टर फिल्म करण अर्जुन का मशहूर गीत मुझको राणाजी माफ करना आज भी लोगों की जुबान पर चढा हुआ है । 90 के दशक के इस गाने ने रिलीज़ के समय जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी और आज भी इसे एक सदाबहार क्लासिक माना जाता है। इस लोकप्रिय गाने को अब एक नए अंदाज़ में राणाजी 2.0 नाम से पेश किया गया है। इस गाने में अभिनेत्री माहिरा शर्मा नज़र आ रही हैं। माहिरा शर्मा ने इस गाने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि इतने लोकप्रिय गाने को रीक्रिएट करना उनके लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था, क्योंकि दर्शकों की उम्मीदें पहले से ही बहुत बड़ी थीं। माहिरा शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, जब आप किसी आइकॉनिक गाने से जुड़ते हैं तो थोड़ा दबाव ज़रूर होता है, क्योंकि उन गानों से लोगों की पुरानी यादें और भावनाएँ जुड़ी होती हैं। मेरी कोशिश रही कि मैं अपनी एक अलग एनर्जी लेकर आऊँ, लेकिन गाने की असली पहचान और उस एहसास को भी बरकरार रखूँ, जिसने उसे इतना खास बनाया था। उन्होंने आगे बताया कि राणाजी 2.0 का संगीत, कोरियोग्राफी और पूरे वीडियो का लुक मिलकर एक बिल्कुल नया अनुभव प्रदान करता है। माहिरा ने उम्मीद जताई कि जिस तरह पूरी टीम ने इस गाने को बनाते समय आनंद लिया, उसी तरह दर्शक भी इसे देखकर खूब पसंद करेंगे और यह नया वर्जन भी उनके दिलों में जगह बनाएगा। इस नए गाने की कोरियोग्राफी मशहूर डांस डायरेक्टर रेमो डिसूज़ा ने की है। रेमो ने बताया, समय के साथ डांस का अंदाज़ काफी बदल गया है और यही बात राणाजी 2.0 को खास बनाती है। हमारी कोशिश थी कि गाने के विज़ुअल्स नए और मनोरंजक हों, लेकिन उसकी पुरानी पहचान भी बनी रहे। हम चाहते थे कि जिन्होंने सालों से इस गाने को पसंद किया है और जो पहली बार इसे सुन रहे हैं, दोनों ही इसे देखने का आनंद लें। वहीं, संगीतकार तनिष्क बागची ने भी इस चुनौती पर बात की। उन्होंने कहा, किसी क्लासिक गाने को नए रूप में तैयार करना आसान नहीं होता। जब किसी पुराने लोकप्रिय गाने पर काम करते हैं तो सबसे बड़ी जिम्मेदारी उसकी आत्मा और एहसास को सुरक्षित रखना होता है। इस गाने की धुन और आवाज़ की अपनी अलग विरासत है। मेरा पूरा ध्यान इसे एक नया साउंड देने पर था, लेकिन इस तरह कि लोगों को वही पुरानी यादें भी महसूस हों। मैं चाहता था कि यह आज के दौर के हिसाब से भी ताज़ा लगे और साथ ही लोगों को याद दिलाए कि यह गाना आखिर इतना क्लासिक क्यों बना। राणाजी 2.0 को टिप्स म्यूजिक ने रिलीज़ किया है। इस नए वर्जन में ओरिजिनल गाने की गायिकाएँ इला अरुण और अलका याज्ञनिक की आवाज़ को बरकरार रखा गया है, जो पुराने जादू को नए संगीत के साथ जीवंत करता है। मुझको राणाजी माफ करना साल 1995 में आई सुपरहिट फिल्म करण अर्जुन का हिस्सा था, जिसमें शाहरुख खान, सलमान खान, राखी, काजोल और ममता कुलकर्णी जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में थे।





# ऋचा चड्ढा का ओटीटी के बाद अब यूट्यूब पर जलवा

## मुसाफिरी के साथ नया सफर शुरू

गर्ल्स विल बी गर्ल्स से बतौर निर्माता वाहवाही बटोरने के बाद अभिनेत्री ऋचा चड्ढा अब अपने एक नए प्रोजेक्ट के साथ तैयार हैं। ऋचा अपने प्रोडक्शन हाउस पुशिंग बटन स्टूडियोज के तहत एक नई नॉन-फिक्शन सीरीज मुसाफिरी लेकर आ रही हैं। सफर, जीवन के अनुभवों और अनकही कहानियों को समेटने वाली उनकी ये सीरीज इसी साल अगस्त में उनके यूट्यूब चैनल पर रिलीज की जाएगी। आइए जानें ऋचा ने इस बारे में क्या कहा।

एक ट्रैवल सीरीज के रूप में तैयार की गई मुसाफिरी में आपको यात्रा, संस्कृति और दिलचस्प बातचीत का एक अनोखा संगम देखने को मिलेगा। इसमें ऋचा खुद अलग-अलग खूबसूरत जगहों की सैर करती नजर आएंगी, जहां वो वहां की कहानियों, इतिहास, परंपराओं और स्थानीय लोगों की जिंदगी को करीब से तलाशेंगी। मुसाफिरी का मकसद दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ नई जानकारी देना और एक उत्सुक मुसाफिर की नजरों से दुनिया को देखने का एक नया नजरिया पेश करना है। अपनी सीरीज पर ऋचा ने कहा, सफर ने मुझे हमेशा रुकने, चीजों को गहराई से देखने और सीखने का मौका दिया है। मुसाफिरी के जरिए मैं कुछ ऐसा बनाना चाहती थी, जो सिर्फ जगहों की सूची पर टिक लगाने तक सीमित न रहे। हर जगह की अपनी एक लय, इतिहास और लोग होते हैं, जिन्हें अक्सर आम ट्रैवल कंटेंट में उतनी जगह नहीं मिल पाती। ये सीरीज इन्हीं परतों को धीरे-धीरे महसूस करने और अनुभव करने के बारे में है। ऋचा बोलीं, उम्मीद है कि दर्शक इसे देखकर न केवल अपनी अगली ट्रिप के नए विचार लेकर जाएंगे, बल्कि उन खूबसूरत जगहों और वहां रहने वाले लोगों के प्रति उनका नजरिया भी बदलेगा। सीरीज और बतौर निर्माता अपने मकसद पर बात कर ऋचा ने कहा, मुझे ऐसी कहानियों को बढ़ावा देना पसंद है, जो अर्थपूर्ण हों, और मुसाफिरी मेरी इसी सोच को दर्शाती है। मैं इस खास सफर को आप सभी के साथ साझा करने के लिए बेहद उत्सुक हूं। बता दें कि प्रीति पाणिग्रही और कानी कुसरुति अभिनीत फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स का प्रीमियर सनडांस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था और इसने उस साल का इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड भी अपने नाम किया था। ये फिल्म इस समय अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म इंडस्ट्री में इस साल 18 साल पूरे कर रहीं ऋचा चड्ढा को आखिरी बार संजय लीला भंसाली की नेटफ्लिक्स पर आई वेब सीरीज हीरामंडी में देखा गया था।



# रानी पिंक सूट में शहनाज गिल ने ढाया कहर, वायरल एथनिक फोटोशूट ने जीता फैंस का दिल

बॉलीवुड और पंजाबी इंडस्ट्री की चहेती अदाकारा शहनाज गिल अपने स्टाइल स्टेटमेंट और गजब के ट्रांसफॉर्मेशन से हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में शहनाज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नया एथनिक फोटोशूट पोस्ट किया है, जो देखते ही देखते इंटरनेट पर आग की तरह वायरल हो गया है। इस लेटेस्ट फोटोशूट में शहनाज ने गहरे रानी पिंक कलर का बेहद खूबसूरत एथनिक सूट कैरी किया है। उनके इस आउटफिट को बहुत ही बारीकी से डिजाइन किया गया है। कुर्ती के योक पर गोल्डन थ्रेडवर्क, बारीक गोटा-पत्ती और जटिल जरदोजी वर्क के साथ-साथ शानदार मिरर और सेक्विन वर्क किया गया है। कुर्ती के डीप-नेकलाइन और स्लीव्स के किनारों पर लगे लटकन-मोती इस ड्रेस को एक रॉयल और हेरिटेज लुक दे रहे हैं। इसके साथ उन्होंने मैचिंग एम्ब्रॉयडरी वाली स्ट्रेट-फिट एंकल लेंथ पैंट और नेट का एक खूबसूरत शीर दुपट्टा पेयर किया है, जो उनके पूरे लुक में एलिगेंस का तड़का लगा रहा है। शहनाज गिल अपने ने मेकअप को बेहद सिंपल और सटल रखा है। उन्होंने लाउड कलर्स को छोड़कर न्यूड-ग्लॉसी लिप्स, न्यूड आईशैडो, मस्कारा से सजी पलकें और हल्का सा ब्लश ऑन चुना है, जो उनके नेचुरल फीचर्स को बखूबी उभार रहा है। हेयरस्टाइल की बात करें तो शहनाज ने अपने सिग्नेचर स्टाइल को अपनाते हुए बालों को मिडल-पार्टिंग के साथ सॉफ्ट वेवी लुक दिया है। उनके खुले काले बाल कंधों पर लहराते हुए उनके चेहरे के कट को बेहद खूबसूरती से फ्रेम कर रहे हैं। शहनाज गिल का यह फोटोशूट किसी लग्जरियस इनडोर स्टूडियो का लग रहा है, जहां वह एक आलीशान विंटेज आर्मचेयर पर बैठकर बेहद दिलकश अंदाज में पोज दे रही हैं। तस्वीरों में शहनाज का आत्मविश्वास और उनका सेक्सी पोस्चर साफ झलक रहा है। कभी वह चेयर पर रॉयल अंदाज में पीछे की ओर झुककर कैमरे में इंटेंस लुक दे रही हैं, तो कभी अपनी थिक-बॉर्डर वाली पैंट और गोल्डन हील्स को फ्लॉन्ट करते हुए फ्रंट पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह अपने सिर को हाथों से थामे हुए गहराई से सोचती नजर आ रही हैं, जो उनके फैंस को काफी आकर्षित कर रहा है। शहनाज के चेहरे का ग्लो और उनके सिजलिंग फेशियल एक्सप्रेशंस इस पारंपरिक आउटफिट में भी बोल्डनेस और ग्लैमर का परफेक्ट फ्यूजन पेश कर रहे हैं। शहनाज की इन तस्वीरों पर कमेंट बॉक्स में फैंस बॉम्बशेल, रॉयल क्वीन और ब्यूटी इन पिंक जैसे कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। कुछ ही घंटों में इस पोस्ट पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं।



# प्रधमा दृष्ट्या कुट्टक्कर का मोशन पोस्टर रिलीज, दमदार पुलिस अफसर के अवतार में दिखीं पार्वती थिरुवोथु

मशहूर अभिनेत्री पार्वती थिरुवोथु की आने वाली नई थ्रिलर फिल्म प्रधमा दृष्ट्या कुट्टक्कर का पहला मोशन पोस्टर हाल ही में सोशल मीडिया पर रिलीज कर दिया गया है। शाहद के निर्देशन में बन रही यह थ्रिलर फिल्म एक सस्पेंस और जांच पर आधारित कहानी है, जिसके पोस्टर में पार्वती थिरुवोथु उन 4 पुलिस अधिकारियों में से एक के रूप में नजर आ रही हैं, जो काफी तनाव और दबाव में दिख रहे हैं। दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ाने वाली ये थ्रिलर फिल्म 11 सितंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में पार्वती थिरुवोथु के साथ मैथ्यू थॉमस, विजया राघवन, उन्निमया प्रसाद, सिद्धार्थ भरथन और अजीज नेदुमंगद जैसे कई जाने-माने कलाकार भी हैं। इसकी कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका पति एक पुलिस अधिकारी था। अपने पति की मौत के बाद वो खुद पुलिस बल में शामिल हो जाती है। फिल्म की शूटिंग कोट्टायम और कुट्टनाड सहित कई अलग-अलग जगहों पर की गई है। फिल्म का संगीत मुजीब मजीद ने तैयार किया है, वहीं समीरा सनीश ने इसके लिए पोशाकें डिजाइन की हैं। शाहद ने इसे डायरेक्ट किया है, जो फैमिली ड्रामा प्रकाशन परक्कट्टे को डायरेक्ट करने के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म की कहानी पी एस सुब्रमण्यम और विजेश थोटिंगल ने लिखी है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म की शूटिंग कोट्टायम, चंगनास्सेरी और कुट्टनाड जैसी कई जगहों पर हुई है। फिल्म में उतनी ही शानदार टेक्निकल टीम है। फिल्म में मुजीब मजीद का म्यूजिक और रूबी वर्गीज राज की सिनेमैटोग्राफी है। फिल्म की एडिटिंग चमन चक्को ने की है। फिल्म में कॉस्ट्यूम समीरा सनीश ने डिजाइन किए हैं, जबकि स्टंट एक्शन संधोश, कलाई किंग्सन और विक्की मास्टर ने कोरियोग्राफ किए हैं। फिल्म के लिए साउंड डिजाइन जयदेवन चक्कदथ ने किया है और प्रोडक्शन डिजाइन मकेश मोहनन ने किया है।



# बॉक्स ऑफिस पर अखिल अक्किनेनी की फिल्म लेनिन को मिली बड़ी कामयाबी, 100 करोड़ क्लब में ली एंट्री

अक्किनेनी प्रिंस अखिल को आखिरकार लेनिन फिल्म से बड़ी कामयाबी मिली। बॉक्स ऑफिस पर कई कोशिशों के बावजूद कोई अच्छी हिट फिल्म न दे पाने वाले अखिल ने इस बार एक देसी-ग्रामीण एंटरटेनर फिल्म लेनिन के साथ अपनी किस्मत आजमाई। यह फिल्म एक अच्छी हिट साबित हुई और ताजा जानकारी के मुताबिक, इसने एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म ने 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। मुरली कृष्णा अब्बुरु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में भाग्यश्री बोर्से फीमेल लीड रोल में हैं। क्रिटिक्स ने अखिल की काफी बेहतर हुई एक्टिंग की तारीफ की और इसे अब तक की उनकी सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस बताया। उन्होंने आसानी से स्टंट किए और रोमांस व मजेदार दृश्यों में भी कमाल का काम किया। फिल्म का संगीत थमन ने तैयार किया है। फिल्म में ईश्वरी राव, ब्रह्माजी, प्रमोद पंजू, शत्रु और अन्य कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। अखिल की पहली हिट फिल्म और उसके इस बड़े मुकाम तक पहुंचने से उनके पिता किंग नागार्जुन बहुत खुश हैं, क्योंकि उन्होंने अपने बेटे की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की थी।



# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है नींबू, जानिए इसके 5 प्रमुख फायदे



नींबू एक ऐसा फल है, जो न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। इसमें विटामिन-सी, पोटेशियम, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। नींबू का पानी पीने से शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद मिलती है और यह पाचन को भी बेहतर बनाता है। आइए जानते हैं कि नींबू का सेवन कैसे हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकता है। नींबू विटामिन-सी का अच्छा स्रोत है, जो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करता है।



नियमित रूप से नींबू पानी पीने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और संक्रमण से लड़ने की शक्ति मिलती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण भी शरीर को हानिकारक तत्वों से लड़ने में मदद करते हैं, जिससे हम बीमारियों से सुरक्षित रह सकते हैं। इसलिए अपने रोजमर्रा के भोजन में नींबू को शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। नींबू का सेवन पाचन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह पेट की अम्लता को संतुलित करता है और भोजन को पचाने में मदद करता है। इसके अलावा यह कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में सहायक है। नींबू में मौजूद फाइबर पेट की सफाई करता है और इसे स्वस्थ रखता है। नियमित रूप से नींबू पानी पीने से पेट की समस्याओं से बचाव होता है और पाचन बेहतर होता है। वजन कम करने के लिए भी नींबू बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद पेक्टिन फाइबर भूख को कम करता है, जिससे आप कम खाते हैं और वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके अलावा नींबू में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में भी सहायक होते हैं। इसलिए अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो अपने आहार में नींबू को शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। नींबू त्वचा की देखभाल करने में भी मददगार साबित हो सकता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक एसिड त्वचा की गंदगी हटाता है और इसे साफ-सुथरा बनाता है। नींबू का रस मुंहासों के निशान हटाने में भी कारगर होता है। इसके अलावा यह त्वचा की चमक बढ़ाने में मदद करता है। इसलिए नींबू को अपने त्वचा देखभाल के तरीके में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके अन्य फायदे भी हैं जो त्वचा के लिए लाभकारी होते हैं। हृदय रोगों से बचाव करने में भी नींबू बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद खास तत्व हृदय रोगों से बचाव करने में सहायक होते हैं। इसके अलावा नींबू में पोटेशियम मौजूद होता है, जो रक्तचाप को संतुलित रखता है और हृदय को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। इस प्रकार नींबू कई तरीकों से हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। इसे अपने रोजमर्रा के भोजन में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

BRIFF NEWS

## Delhi Police Directed to Preserve CCTV Footage of Parliament March Violence





**New Delhi, Agency:** In the case related to the violence during the Parliament March on July 20 and the police action against students protesting alleged irregularities in the NEET-UG 2026 examination, the Patiala House Court has issued an important order. The court has directed the Delhi Police to preserve the CCTV footage related to the incident. It has also instructed the Station House Officer (SHO) of Parliament Street Police Station to submit a compliance report. The next hearing in the case will be held on August 18. Judicial Magistrate First Class Kautuk Bhardwaj, in his order, directed the Parliament Street Police Station to ensure that the CCTV footage of the July 20 incident is preserved. However, if the footage has already been preserved under the orders of any other court, no separate action will be required.

## Government May Extend CCTV-Like Restrictions to Other Sensitive Sectors;



**New Delhi, Agency:** The government may extend the restrictions currently applicable to the CCTV sector to other sensitive sectors as well and support Indian chip designers in developing technologies that help build a trusted supply chain for security-related products. Addressing a Confederation of Indian Industry (CII) event on semiconductors on Thursday, Electronics and IT Secretary S. Krishnan said that while manufacturing chips in the country, it is equally important to ensure that there is a market for them. He said the issue was primarily one of national security, as many CCTV cameras contain chips and other active components sourced from countries that do not undergo adequate security scrutiny.

## Parking Buses in Yamuna Floodplain Proves Costly Delhi High Court Upholds 11 Lakh Fine



**New Delhi, Agency:** The Delhi High Court has upheld a ?11 lakh penalty imposed on a school bus operator for parking 22 buses in the Yamuna floodplain. A Bench of Justice Jasmeet Singh observed that commercial parking in an environmentally sensitive area is illegal in itself and cannot be justified merely because the buses were not involved in dumping waste. Making the observation, the Bench dismissed the petition filed by a transport business operator that provides eco-friendly CNG buses for transporting schoolchildren.

# "Permission Was Deliberately Not Sought": Police Repeatedly Urged Compliance, but Saurabh Das and Ashutosh Ranka Ignored the Rules

**New Delhi, Agency:** As the investigation into the large-scale violence that erupted in New Delhi district during the Cockroach Janata Party (CJP) protest progresses, more details about the party's actions are coming to light. CJP had called upon youth and students from across the country through social media to gather in Delhi on July 20 for a "Parliament March."



During this period, the Delhi Police repeatedly contacted the party's spokespersons, Saurabh Das and Ashutosh Ranka, urging them in writing to obtain official permission for the march. However, both leaders outright rejected the police request. As a result, thousands of people who had gathered from across the country allegedly took the law into their own hands and marched towards Parliament.

When the Delhi Police and Central Armed Police Forces attempted to stop them at Raisina Road, Jantar Mantar, Parliament Street, Janpath, and Tolstoy Road, violent clashes broke out between the protesters and the security forces. The situation became extremely serious when the crowd broke through a three-layer barricade at Raisina Road and reached close to the main gate of the Parliament House. Commandos deployed for Parliament's internal security were reportedly compelled to point their rifles toward the crowd.

The police also asked them to provide details of the proposed march route, the roads leading to Parliament, and the estimated number of participants. Officials further explained that since Parliament was in session, the area housed the residences of several Union Ministers and other highly sensitive VVIP security zones.

**Police Continued Pressuring Them Between July 16 and 19...** According to a senior Delhi Police official, between July 16 and July 19, police officers met both spokespersons every day and repeatedly urged them to submit a written application seeking permission for the Parliament March.

# ECL Urges Staff to Use Khanan Prahari App to Curb Illegal Mining

## CMD Satish Jha appeals to employees and stakeholders to support technology-driven vigilance against illegal coal mining and theft

**Sanctoria:** Eastern Coalfields Limited (ECL) has launched a renewed awareness campaign urging its employees and stakeholders to download and actively use the Khanan Prahari mobile application to help combat illegal coal mining and coal theft. The initiative is aimed at strengthening vigilance through public participation and technology-enabled reporting. ECL Chairman-cum-Managing Director Satish Jha appealed to the workforce to extend full cooperation by using the app responsibly and encouraging others to do the same. He said collective vigilance and active participation are essential for protecting the nation's valuable coal resources and ensuring




responsible mining practices.

Illegal coal mining and theft not only lead to significant losses of national assets but also pose serious risks to worker safety, environmental sustainability and the well-being of nearby communities. To address these concerns, the Ministry of Coal, Government of India, has introduced the Khanan Prahari mobile application as a digital platform for reporting incidents related to illegal mining.

The app enables users to promptly share information with the concerned authorities, allowing quicker verification and appropriate action against illegal activities. ECL has encouraged all employees to create greater awareness about the application among colleagues and the public, stressing that community participation and digital vigilance are key to protecting coal reserves and promoting transparent, accountable and sustainable mining operations across the coalfields.

# Tata Main Hospital Launches Dedicated Obesity Clinic

**Jamshedpur :** Obesity is becoming one of the biggest health challenges worldwide, affecting millions of people across all age groups. According to the World Health Organization (WHO), approximately one in eight people globally are living with obesity, with the number exceeding one billion. The prevalence of obesity has nearly tripled since 1975, largely due to changing lifestyles and dietary habits.

Obesity is not merely about being overweight. It is a serious health condition that increases the risk of several diseases, including hypertension, diabetes, heart ailments, joint problems, sleep apnoea and mental health issues. Regular health




check-ups to monitor weight and counselling for lifestyle modification can play an important role in preventing obesity-related complications and promoting overall well-being.

# Death of Chinkara Deer at Delhi Zoo Exposes Gross Negligence

## Administration Remains Silent



**New Delhi, Agency:** Negligence during repair work at the zoo proved fatal for a male chinkara deer. A plastic cement bag left near the enclosure got entangled in its horns. Frightened, the chinkara ran around the enclosure for a long time. As the bag covered its eyes, it was unable to see. During the ordeal, one of its horns broke and it sustained serious injuries.

Sources alleged that no keeper was present at the spot at the time of the incident and that the security arrangements were inadequate. The injuries were so severe that the chinkara was unable even to stand.

**Its Leg Was Also Fractured:** During treatment, it was discovered that one of its legs had also been fractured. The chinkara died a few days later. The incident has raised serious questions about the zoo's safety arrangements and the repair work being carried out around the enclosures.


**Did Not Receive Proper Treatment in Time:** Zoo employees said the chinkara had been brought from Haryana about five years ago. It is alleged that the injured animal did not receive proper treatment in time, causing its condition to deteriorate until it eventually died. However, Zoo Director Dr. Sanjeet Kumar declined to comment on the death. He only stated that herbivorous animals sometimes sustain injuries while running inside enclosures or while being shifted to the animal house. He said all injured animals are immediately taken to the hospital for treatment.

At present, a total of 18 animals, both small and large, are undergoing treatment, rehabilitation, or hand-rearing (artificial rearing) at the zoo hospital. These include large carnivorous animals as well. The official added that they will be returned to their enclosures after recovering.

# AAP MLA Virender Singh Kadian, Son Among Those Booked for Attempt to Outrage Woman's Modesty and Assault

**New Delhi, Agency:** Delhi Cantonment Police have registered an FIR against Aam Aadmi Party (AAP) MLA Virender Singh Kadian, his son Ankit Kadian, and others on charges including attempting to outrage the modesty of a woman, assault, criminal intimidation, and abusive behaviour. The action was taken following a complaint lodged by a woman who runs a flower shop in a market in Delhi Cantonment. Police have registered a case under various sections of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) and initiated an investigation.

According to the complaint, the woman's family operates a flower shop in a market in Delhi Cantonment. At around 11 a.m. on July 18, a man arrived to collect a bouquet in the name of MLA Virender Singh Kadian. The woman alleged that when her husband asked for payment, the man refused, citing the MLA's name. He offered to



pay ?300 instead of ?500 and declined to pay the remaining amount before leaving after issuing threats.

**Delhi Cantonment Board Vehicle Arrived at the Shop:** The woman alleged that shortly afterwards, a Delhi Cantonment Board vehicle arrived at the flower shop and removed its goods, causing financial loss to the family. The family then went to the MLA's office to lodge a complaint.

According to the complaint, the woman's mother was pushed and assaulted at the office. Other family members were also beaten. When they attempted to record the incident on a mobile phone, the people present allegedly attacked them.

# Truth Behind Delhi Drug Control Department's Action: Medical Stores Continue Operating Despite Licence Cancellation

**New Delhi, Agency:** A major irregularity has come to light in the functioning of the Drug Control Department, which is responsible for cancelling the licences of medical stores that violate regulations. Even after their licences are cancelled, many medical stores




resume operations within a few days under new names.

The department's action appears to exist only on paper. Over the past five years, the Drug Control Department has taken action against 173 medical stores in the capital for offences such as selling narcotic medicines and failing to maintain drug records.

# 26/11 Mumbai Attack Accused Tahawwur Rana Allowed to Speak to Daughter Over Phone

**New Delhi, Agency:** A Special NIA Court has granted Tahawwur Hussain Rana, an accused in the 26/11 Mumbai terror attacks, permission to speak with his daughter over the phone. The court allowed the conversation to enable him to discuss matters related to appointing a lawyer.

Special NIA Judge Prashant Sharma, at the Patiala House Court, allowed Rana's application during an in-camera hearing. Following the court's order, a copy of the directive was sent to the jail authorities.



Rana had sought permission from the court to speak over the phone with his daughter and his wife, Dr. Samraz Akhtar Rana. He had also requested permission to speak with his wife on the occasion of her upcoming birthday. However, the court has, for the time being, permitted him only to speak with his daughter so that they can discuss the appointment of a private lawyer. An advocate associated with the case stated that Rana had previously also been permitted to speak with his daughter, as she has been playing the primary role in deciding the appointment of his legal counsel. Tahawwur Hussain Rana was extradited from the United States to India on April 10, 2025. He is accused of being part of the conspiracy behind the 26/11 Mumbai terror attacks. Initially, the court had provided Rana with a lawyer through the Legal Services Authority. Later, Rana informed the court that he wished to appoint a private advocate of his choice. It was for this purpose that he sought permission to contact his family.